

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 37 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 17 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

बंगाल की खाड़ी में दोनों देशों की नौसेनाओं ने दिखाया दम

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास 'आईएमएनईएक्स-26' संपन्न

'महासागर' विजन और 'पड़ोसी प्रथम' नीति को मिली मजबूती, समुद्री सुरक्षा और सामरिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में भारत की बड़ी पहल

समाज जागरण

विशाखापट्टनम। हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भारत और म्यांमार ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच आयोजित संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'आईएमएनईएक्स-26' का आठवां संस्करण 14 नवंबर 2026 को विशाखापट्टनम में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभ्यास के दौरान बंगाल की खाड़ी में दोनों देशों के युद्धपोतों ने संयुक्त समुद्री युद्धाभ्यास किया और अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस पहल से भारत-म्यांमार के बीच रक्षा सहयोग, सामरिक समन्वय और समुद्री सुरक्षा साझेदारी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

बंगाल की खाड़ी में भारतीय और म्यांमार के युद्धपोतों का संयुक्त अभ्यास

नौसैनिक अभ्यास के समुद्री चरण में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा ने म्यांमार नौसेना के जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यू शिन के साथ हिस्सा लिया। बंगाल की खाड़ी में आयोजित इस चरण के दौरान समन्वित समुद्री युद्धाभ्यास और विभिन्न परिचालन गतिविधियां संपन्न हुईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच सामरिक तालमेल बढ़ाना, समुद्री अभियानों से जुड़ी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना और संयुक्त रूप से कार्य करने की क्षमता विकसित करना था।

बंदरगाह चरण में साझा किए पेशेवर अनुभव

अभ्यास के बंदरगाह चरण में दोनों देशों के नौसैनिक अधिकारियों और जवानों के बीच विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, एक-दूसरे के जहाजों का दौरा, पेशेवर संवाद और खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के नौसैनिक कर्मियों को एक-दूसरे की कार्यप्रणाली, परिचालन अनुभव और तकनीकी क्षमताओं को समझने का अवसर मिला।



'महासागर' विजन और पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप पहल

यह अभ्यास भारत के 'महासागर' विजन यानी क्षेत्रीय सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति तथा 'पड़ोसी प्रथम' नीति के अनुरूप आयोजित किया गया। इसके जरिए भारत ने पड़ोसी देशों के साथ रक्षा सहयोग, आपसी विश्वास और साझा समुद्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया है।

आठवें संस्करण की सफल समाप्ति के साथ आईएमएनईएक्स-26 केवल एक सैन्य अभ्यास नहीं, बल्कि भारत और म्यांमार के बीच बढ़ते रणनीतिक विश्वास और समुद्री साझेदारी का भी महत्वपूर्ण संकेत है। बंगाल की खाड़ी का सामरिक महत्व देखते हुए दोनों देशों के बीच बेहतर नौसैनिक तालमेल क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है। संयुक्त अभ्यास से भविष्य में समुद्री चुनौतियों का सामना करने और आपसी सहयोग को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा में भारत की भूमिका होगी मजबूत

भारत और म्यांमार की नौसेनाओं के बीच सहयोग का एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। इससे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षित समुद्री वातावरण बनाने के साझा प्रयासों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। (इनपुट : पीआईबी)

27 दिन पहले खुले शोरूम में 21 करोड़ की डकैती, पुलिस के लिए खोजी कुत्ता बना एआई

नई दिल्ली। तमिलनाडु में 21 करोड़ रुपये की बड़ी डकैती के मामले में पुलिस को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से अहम मदद मिली है। हैरानी की बात यह है कि जिस शोरूम में करोड़ों की डकैती हुई, वह महज 27 दिन पहले ही खुला था। वारदात के बाद पुलिस के पास कोई ठोस सुराग नहीं था। ऐसे में एआई तकनीक ने सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध की पहचान करने और उसकी पुरानी गतिविधियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तकनीक की मदद से जांच को नई दिशा मिली और पुलिस को मामले की गुत्थी सुलझाने में सहायता मिली। (इनपुट : एजेंसी)

फर्जी सीएससी आईडी और फिशिंग वेबसाइट से 50 करोड़ की साइबर ठगी, गिरोह का वांछित आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

आगरा। फर्जी सीएससी आईडी, फिशिंग वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए करीब 50 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के एक वांछित आरोपी को आगरा पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य दूसरे लोगों के पहचान संबंधी दस्तावेजों में कूटरचना कर फर्जी अभिलेख तैयार करते थे।

उत्तराखंड में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की शुरूआत, सीएम धामी ने ऑनलाइन भरा फॉर्म

समाज जागरण



देहरादून। उत्तराखंड में सोमवार से जनगणना-2027 के दूसरे चरण की शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास पर सपरिवार डिजिटल माध्यम से स्व-गणना का फॉर्म भरकर प्रदेशवासियों से इस प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना के सटीक आंकड़े प्रदेश की विकास योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के बेहतर नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेशवासी 16 से 30 नवंबर 2026 तक https://se.census.gov.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे। वहीं, 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से भी अपनी और परिवार की सही जानकारी दर्ज कराने की अपील की।

कुलगाम मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकी ढेर, कमांडर लतीफ भट भी मारा गया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के लारू इलाके में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में संगठन का सक्रिय कमांडर मोहम्मद लतीफ भट भी शामिल बताया जा रहा है। उसे हाल ही में कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड बताया गया है। सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थीं। बताया जाता है कि वह छोटे और लक्षित हमलों के बाद लंबे समय तक भूमिगत हो जाता था। (इनपुट : एजेंसी)



डॉलर के मुकाबले 27 पैसे मजबूत हुआ रुपया, 93.92 प्रति डॉलर पर बंद

शेयर बाजार की जोरदार तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से मिली मजबूती, दो कारोबारी सत्रों की गिरावट पर लगा विराम

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के बाद सोमवार को रुपये में मजबूती देखने को मिली। घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली के दम पर भारतीय मुद्रा 27 पैसे मजबूत होकर 93.92 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुई। हालांकि, अमेरिकी सरकारी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की मजबूती ने रुपये की बढ़त को कुछ सीमित रखा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.22 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 93.91 का उच्चतम और 94.25 का न्यूनतम स्तर छुआ। अंत में यह पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले 27 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 93.92 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को रुपया सात पैसे टूटकर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



विदेशी निवेशकों की खरीदारी से मिला सहारा

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी के अनुसार, हाल के सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश रुपये को समर्थन दे रहा है। इसके अलावा, जिंस कीमतों में नरमी से आयात बिल बढ़ने की आशंका कम हुई है, जिसका सकारात्मक असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा है।

डॉलर सूचकांक में मामूली बढ़त, कच्चा तेल हुआ सस्ता

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत बढ़कर 103.44 पर पहुंच गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड वायदा 1.03 प्रतिशत गिरकर 94.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट को भारत के लिए राहत के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

719.54 अरब डॉलर पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.54 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में यह वृद्धि भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

कुल मिलाकर घरेलू शेयर बाजार की तेजी, विदेशी निवेशकों की खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को मजबूती मिली है।

सेंसेक्स 512 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी

सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में भी सकारात्मक रुख देखने को मिला। बीएसई का सेंसेक्स 512.34 अंक की बढ़त के साथ 82,104.79 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 146.80 अंक चढ़कर 25,291.10 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,736.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

17 नवंबर - अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस पर विशेष

युवाओं के कंधे, भविष्य का भार!

किताबों के पन्नों में, ख़्वाबों का संसार है,
युवाओं के कंधों पर, भविष्य का भार है।
इन आँखों में उम्मीदें हैं, मन में विश्वास है,
कुछ कर गुजरने का, हरेक में एहसास है।


कभी संघर्ष से, कभी "हालात" से भिड़ते,
ज्ञान की रोशनी लेकर, अंधेरों से हैं लड़ते।
कभी प्रश्न बन जाते, कभी उत्तर बन जाते,
अपनी मेहनत से वह, इतिहास रच जाते।

न उम्र की सीमा हैं , न सपनों की दीवार,
शिक्षा ही खोलती है, उन्नति के सब द्वार।
गुरु का आशीर्वाद हो, माँ-पिता का प्यार,
मेहनत के पंखों से, छू लो वह आसमान।

छात्र कल के नेता, वैज्ञानिक-विचारक हैं,
समाज में नई दिशा के, सच्चे सूत्रधार हैं।
उनके सपनों को मिलें-अवसर व सम्मान,
तब बनेगा देश हमारा, सुंदर और महान।

न भेदभाव हो, न "शिक्षा" से वंचित कोई,
बच्चों को मिले अवसर, प्रतिभा ना खोई।
ज्ञान, विवेक और संस्कारों का हो संचार,
छात्रों से रोशन होगा, दुनिया का हर द्वार।

आओ मिलकर आज ये संकल्प दोहराएँ,
शिक्षा की अलख, सपनों को पंख लगाएँ।
छात्रों का सम्मान हो, ये हमारा अभियान,
अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस हैं, सबको प्रणाम!



संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 98260 25986

कितना शेष मनुष्य

अब वह आदमी
नहीं रह गया
धनवान हो गया
उसका मनुष्य
धन के पीछे
कहीं छुप गया
सामने आने से डरता
शायद,
यदि वह मनुष्य होगा
तो उस धन छूट जाएगा,
यही वजह है
वह मनुष्य होने से
अब डरने लगा
पहले वह धनवान
मनुष्य होना चाहता

लोभ ने उसके
मनुष्य को अदृश्य
कर दिया
अब वह सिर्फ धनवान है,
शेष मनुष्य नहीं।



संजीव ठाकुर, रायपुर
छत्तीसगढ़, 9009 415 415

चुनावी हार से नहीं बदलेगी अमेरिका की विदेश नीति की बुनियाद

अमेरिका की राजनीति में चुनावी हार और जीत केवल सत्ता का समीकरण नहीं बदलती, बल्कि दुनिया के देशों की उम्मीदों और आशंकाओं को भी प्रभावित करती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में मिली हार ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अमेरिका की विदेश नीति में कोई बड़ा बदलाव आने वाला है? क्या ट्रंप की राजनीतिक कमजोरी अमेरिका को उसकी पुरानी वैश्विक भूमिका की ओर लौटने के लिए मजबूर करेगी? या फिर 'अमेरिका प्रथम' की नीति आने वाले वर्षों में भी अमेरिकी राजनीति का आधार बनी रहेगी?

दरअसल, अमेरिकी राजनीति को केवल रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दलों के बीच सत्ता संघर्ष के रूप में देखना पर्याप्त नहीं है। दोनों दलों की विचारधारा और कार्यशैली में अंतर जरूर है, लेकिन राष्ट्रीय हितों, आर्थिक वर्चस्व और वैश्विक प्रभाव को लेकर उनकी प्राथमिकताएं कई बार एक जैसी दिखाई देती हैं। यही कारण है कि एक दल के सत्ता से बाहर होने और दूसरे के सत्ता में आने के बावजूद अमेरिकी विदेश नीति की बुनियादी दिशा में बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होता।

ट्रंप की राजनीति ने दुनिया को यह संदेश दिया कि अमेरिका अब हर अंतरराष्ट्रीय विवाद में नेतृत्व करने और दूसरे देशों की सुरक्षा का भार उठाने के लिए तैयार नहीं है। व्यापार, आव्रजन, रक्षा और कूटनीति जैसे मुद्दों पर उनका कठोर रुख इसी सोच का हिस्सा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या डेमोक्रेटिक पार्टी सत्ता में लौटकर इस सोच को पूरी तरह बदल पाएगी? पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसा मानना आसान है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है।

अमेरिका की राजनीति में चीन को चुनौती देने, तकनीकी वर्चस्व बनाए रखने और अपने आर्थिक हितों की रक्षा करने का मुद्दा किसी एक दल तक सीमित नहीं है। यही स्थिति भारत के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। भारत को अमेरिका के साथ अपने संबंधों में किसी एक राष्ट्रपति या राजनीतिक दल पर निर्भर रहने के बजाय दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

ईरान के साथ तनाव, ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सामरिक प्रतिस्पर्धा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी फैसलों का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। भारत जैसे विकासशील और उभरते वैश्विक शक्ति केंद्र के लिए यह जरूरी है कि वह अमेरिका के साथ सहयोग बनाए रखते हुए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता को भी मजबूत करे।

विपक्ष में पहले हिस्सेदारी की लड़ाई, फिर भाजपा से मुकाबला



उत्तर प्रदेश में 2027 की सत्ता की लड़ाई से पहले विपक्ष में सीटों का संग्राम छिड़ गया है। भाजपा को चुनौती देने से पहले तय हो रहा है कि गठबंधन में किसकी हैसियत कितनी है। कांग्रेस ने 403 विधानसभा सीटों में से 181 पर दावा ठोककर सपा के सामने चुनौती रख दी है। सपा सांसद राजीव राय ने मांग को अव्यावहारिक बताया और कहा कि सीट नहीं, जीत महत्वपूर्ण है। इमरान मसूद सभी 403 सीटों पर तैयारी का दावा कर रहे हैं। दल आपस में भरोसा क्यों नहीं बना पा रहे? कांग्रेस की 181 सीटों की मांग प्रदेश में खोई जमीन पाने की महत्वाकांक्षा है। रायबरेली और अमेठी के साथ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ और सहारनपुर पर दावा बताता है कि पार्टी पुराने गढ़ों से आगे बढ़ना चाहती है। लेकिन सूची से संगठन खड़ा नहीं होता। कांग्रेस बताए कि कितने जिलों में सक्रिय ढांचा, कितने बूथों पर कार्यकर्ता और कितने जीतने योग्य उम्मीदवार हैं। गांधी परिवार की पहचान हर सीट पर वोट नहीं बनती। 181 का आंकड़ा अंतिम मांग है या बातचीत की शुरूआत, स्पष्ट नहीं है। संभव है कांग्रेस ऊंचा दावा रखकर सम्मानजनक हिस्सेदारी चाहती हो या 2027 को संगठन विस्तार का अवसर मानती हो। उसे बताना चाहिए कि कहां प्रदर्शन मजबूत रहा। महत्वाकांक्षा बोझ बन जाती है। खरगे के आवास पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, आराधना मिश्रा और इमरान मसूद की बैठक बताती है कि कांग्रेस गंभीर है। खरगे ने सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों को मुद्दा बताया। असली कसौटी सीटों पर सहमति और संगठन की तैयारी होगी। राहुल और प्रियंका उत्साह जगा सकते हैं, मगर चुनाव बूथ के कार्यकर्ता और स्वीकार्य उम्मीदवार से जीता जाता है।

राजीव राय का बयान साफ करता है कि सपा कांग्रेस को जीतने की क्षमता के आधार पर सीटें देना चाहती है। तर्क व्यावहारिक है, पर सपा अपनी सुविधा को गठबंधन का नियम नहीं बना सकती। अखिलेश 2024 के बाद विपक्ष के मजबूत क्षेत्रीय चेहरे हैं। नेतृत्व का अर्थ सहयोगियों को छोटा दिखाना नहीं। कम सीटें मिलीं तो कांग्रेस उपेक्षा कहेगी; ज्यादा मिलीं तो सपा के दावेदारों और छोटे सहयोगियों में असंतोष होगा। अखिलेश को गठबंधन की जरूरत समझनी होगी। इमरान मसूद कहते हैं कि कांग्रेस सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है, लेकिन सीटों से ज्यादा जीत महत्वपूर्ण है। यह दबाव या संगठन सक्रिय करने का संदेश हो सकता है। अखिलेश के मुख्यमंत्री बनने पर आपत्ति न होने की बात गठबंधन का दरवाजा खुला रखती है। लक्ष्य साझा जीत है तो हर सीट पर तैयारी का दावा किसलिए? तैयारी करना अधिकार है, पर उसे ताकत बताकर हिस्सेदारी मांगना अलग बात है। आंकड़े बहस को जमीन देते हैं। 2022 में कांग्रेस 399 सीटों पर लड़ी, केवल दो जीती और उसे 2.33 प्रतिशत वोट मिले। सपा ने 347 सीटों पर लड़कर 111 सीटें और 32.06 प्रतिशत वोट पाए। 2017 में कांग्रेस 114 सीटों पर लड़कर सात जीती, जबकि सपा 311 पर लड़कर 47 पर सिमटी। भाजपा ने 39.67 प्रतिशत वोट के साथ 312 सीटें जीतीं। ये नतीजे कांग्रेस की कमजोरी और सपा की ताकत दिखाते हैं। पुराने नतीजे आज का अंतिम फैसला नहीं। कांग्रेस के पक्ष में 2024 का लोकसभा परिणाम है। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह जीतीं। सपा को 33.60 प्रतिशत और कांग्रेस को 9.46 प्रतिशत वोट मिले। दोनों ने भाजपा को 33 सीटों पर रोका। यह कांग्रेस की वापसी का संकेत है। मगर लोकसभा का मत प्रतिशत विधानसभा की 181 सीटों पर सीधे लागू नहीं हो सकता। स्थानीय उम्मीदवार, मुद्दे, जातीय समीकरण और बूथ प्रबंधन नतीजा तय करते हैं। छह लोकसभा सीटों की जीत 181 विधानसभा सीटों का अधिकारपत्र नहीं।

अखिलेश के सामने पीडीए की राजनीति को गठबंधन के साथ साधने की चुनौती है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मतदाता सपा की रणनीति के केंद्र में हैं। कांग्रेस भी सामाजिक न्याय की बात करती है। कई सीटों पर दोनों एक ही सामाजिक आधार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टिकट जातीय गणित या नेताओं की पसंद से तय हुए तो कार्यकर्ता दूसरे दल के उम्मीदवार को अपना नहीं मानेंगे। असली परीक्षा साझा उम्मीदवार के लिए साझा मेहनत है। छोटे सहयोगियों को भूलना राजनीतिक भूल होगी। सपा-कांग्रेस 181 सीटों के दावे में उलझीं तो अन्य दलों के लिए जगह कहां बचेगी? क्षेत्रीय या सामाजिक प्रभाव रखने वाले सहयोगियों को भूमिका देनी होगी। वरना असंतोष, बगावत और दोस्ताना मुकाबले विपक्षी वोट बांट देंगे। सीटों के साथ प्रचार, संसाधन और कार्यकर्ता साझा करने की योजना जरूरी है। भाजपा को इस खींचतान से लाभ मिल सकता है। वह विपक्ष को कुर्सी और हिस्सेदारी के लिए लड़ता दिखाएगी। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेपर लीक और कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरने के बजाय विपक्ष सीटों में उलझा दिखाई देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वांचल तक अविश्वास नुकसान पहुंचा सकता है। भाजपा के पास सत्ता, संगठन, संसाधन और योगी आदित्यनाथ का चेहरा है। विपक्ष को रोजगार, खेती, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ठोस और विश्वसनीय कार्यक्रम देना होगा। सत्ता विरोधी नाराजगी अकेले जनादेश नहीं बनती। हर सीट का फैसला पिछले विधानसभा नतीजों, 2024 के क्षेत्रवार मतों, उम्मीदवार की स्वीकार्यता, बूथ संगठन, सामाजिक समीकरण और जीत के अंतर से होना चाहिए। जहां कांग्रेस मजबूत है, उसे सीट मिले; जहां सपा की पकड़ है, दावा उसका भी हो। कमजोर सीटों पर प्रतिष्ठा के लिए उम्मीदवार थोपना नुकसानदेह होगा। कांग्रेस 181 को अंतिम शर्त न बनाए और सपा सहयोगी को अपमानित न करे। सम्मान का अर्थ हर मांग मानना नहीं, बड़ी पार्टी होने का अर्थ आदेश देना भी नहीं। कांग्रेस साबित करे कि वह संगठन और उम्मीदवार तैयार करने के लिए गंभीर है, केवल बड़ी सूची से मौजूदगी का विज्ञापन नहीं चाहती। सपा दिखाए कि वह गठबंधन का नेतृत्व कर सकती है और सहयोगियों को साथ रख सकती है। 2024 ने दोनों को अवसर दिया; 2027 में उसे दोहराने के लिए अहंकार नहीं, भरोसा चाहिए। जनता को विकल्प चाहिए। यदि विपक्ष अपनी हैसियत और हिस्सेदारी तय नहीं कर पाया, तो जनता उससे प्रदेश चलाने का भरोसा कैसे करेगी? भाजपा को हराने से पहले विपक्ष को अपनी जिद हरानी होगी।



अजय कुमार

अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस विशेष -

युवा चेतना से ही बनेगा उज्ज्वल भविष्य

विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। उनके भीतर भविष्य के सपने होते हैं, वर्तमान को समझने की जिज्ञासा होती है और व्यवस्था को बेहतर बनाने का साहस भी होता है। विद्यार्थी केवल पुस्तकों में लिखे पाठों को याद करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने समय, समाज और परिस्थितियों को समझने वाला जागरूक नागरिक भी होता है। उसकी सोच में नए विचारों के बीज होते हैं और उसके संकल्प में आने वाले कल की संभावनाएँ छिपी होती हैं। इसी महत्त्व को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विद्यार्थियों के संघर्ष, साहस, अधिकारों, स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है।

अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस का इतिहास अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायक है। इसकी पृष्ठभूमि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप में घटित उन घटनाओं से जुड़ी है, जब जर्मनी के नाजी शासन ने चेकोस्लोवाकिया पर अधिकार कर लिया था। वर्ष 1939 में वहां के विद्यार्थी विदेशी शासन के विरोध में आवाज उठा रहे थे। 28 अक्टूबर को चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता की वर्षगांठ के अवसर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान युवा श्रमिक वाक्लाव सेदलाचेक और चिकित्सा के विद्यार्थी जान ओप्लेताल घायल हुए। बाद में जान ओप्लेताल की मृत्यु हो गई। 15 नवंबर को उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। यह शोक यात्रा धीरे-धीरे नाजी शासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन में बदल गई।

विद्यार्थियों के इस साहस से भयभीत होकर नाजी शासन ने 17 नवंबर 1939 को कठोर दमनात्मक कार्रवाई की। प्राग और अन्य स्थानों के विद्यार्थी छात्रावासों तथा शिक्षण संस्थानों से गिरफ्तार किए गए। नौ विद्यार्थी नेताओं और शिक्षकों को बिना मुकदमे के मृत्युदंड दे दिया गया। एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को यातना शिविरों में भेज दिया गया और चेक विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया गया। यह घटना केवल विद्यार्थियों पर किया गया अत्याचार नहीं थी, बल्कि विचारों की स्वतंत्रता, शिक्षा के अधिकार और मानवीय गरिमा पर किया गया आघात भी थी। इन बलिदानों की स्मृति में 1941 में लंदन में 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। तब से यह दिन दुनिया भर में विद्यार्थी एकता और स्वतंत्रता के संघर्ष का प्रतीक बन गया।

इस दिवस का महत्त्व केवल इतिहास को याद करने तक सीमित नहीं है। यह हमें बताता है कि विद्यार्थी समाज के मूक दर्शक नहीं होते। जब अन्याय बढ़ता है, जब अधिकारों का हनन होता है और जब लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट आता है, तब विद्यार्थियों की जागरूकता समाज को नई दिशा दे सकती है। इतिहास में अनेक ऐसे अवसर आए हैं, जब विद्यार्थियों ने अपने साहस और संगठन शक्ति से बड़े सामाजिक तथा राजनीतिक बदलावों का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्ष 1973 में यूनान के विद्यार्थियों ने सैनिक शासन के विरुद्ध आवाज उठाई। वर्ष 1989 में प्राग में विद्यार्थियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने वहां लोकतांत्रिक परिवर्तन की प्रक्रिया को गति दी। इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि विद्यार्थी चेतना किसी भी दमनकारी व्यवस्था के सामने उम्मीद की किरण बन सकती है।

भारत के संदर्भ में विद्यार्थियों की भूमिका और भी व्यापक रही है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। अनेक विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया, जेल गए और यातनाएँ सहीं। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव और राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों का जीवन युवाओं के साहस, देशप्रेम और त्याग की प्रेरक मिसाल है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन विचार और संकल्प कभी छोटे नहीं होते।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी विद्यार्थियों की भूमिका समाप्त नहीं हुई। देश के निर्माण, वैज्ञानिक अनुसंधान, सामाजिक सुधार, लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक विकास में विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। भारत के अनेक वैज्ञानिक, चिकित्सक, शिक्षक, प्रशासक, साहित्यकार और समाजसेवी कभी विद्यार्थी ही थे। आज देश के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत लाखों युवा भारत की भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा और परिश्रम का उचित उपयोग देश को ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

हालांकि आज का विद्यार्थी अनेक चुनौतियों से भी जूझ रहा है। शिक्षा का बढ़ता खर्च, महंगी पुस्तकें, निजी शिक्षण संस्थानों की भारी फीस, प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव और रोजगार की अनिश्चितता उसके सामने गंभीर समस्याएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना अब भी आसान नहीं है। कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को विवश हो जाते हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील समाज के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाती है। वह सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है। एक शिक्षित विद्यार्थी अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझता है। वह समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, भेदभाव, जातिगत संकीर्णता और लैंगिक असमानता के विरुद्ध तार्किक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। इसलिए शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित कर देना उस के व्यापक उद्देश्य को कमजोर करना है।

वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सामने एक नई चुनौती सामाजिक संचार माध्यमों और आभासी दुनिया का बढ़ता प्रभाव भी है। सूचना और ज्ञान के अनेक साधन उपलब्ध होने के बावजूद भ्रामक समाचार, अफवाहें, दिखावे की संस्कृति और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों की एकाग्रता को प्रभावित कर रही हैं। कई बार वे अपनी वास्तविक प्रतिभा और रुचि को पहचानने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों से अपनी तुलना करने लगते हैं। ऐसे समय में उन्हें विवेकपूर्ण सोच, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। तकनीक का उपयोग ज्ञान अर्जित करने, नए कौशल सीखने और रचनात्मकता विकसित करने के लिए होना चाहिए, न कि समय और ऊर्जा नष्ट करने के लिए।

विद्यार्थी जीवन अनुशासन, परिश्रम, धैर्य और निरंतर सीखने का समय है। इस अवस्था में विकसित आदतें व्यक्ति के पूरे जीवन को प्रभावित करती हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पाठ्य पुस्तकों के साथ साहित्य, इतिहास, विज्ञान और समसामयिक विषयों का भी अध्ययन करें। खेलकूद, कला, संगीत, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों में भाग लें। इससे उनका व्यक्तित्व संतुलित और व्यापक बनेगा। उन्हें प्रश्न पूछने, तर्क करने और नए विचारों को स्वीकार करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। शिक्षक और अभिभावक भी विद्यार्थियों पर केवल अच्छे अंक लाने का दबाव डालने के बजाय उनकी रुचियों, क्षमताओं और मानसिक आवश्यकताओं को समझें।

शिक्षा व्यवस्था की भी यह जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक विद्यार्थी को समान अवसर प्रदान करे। आर्थिक स्थिति, जाति, भाषा, क्षेत्र और सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर किसी प्रतिभा को आगे बढ़ने से रोका नहीं जाना चाहिए। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में ऐसा वातावरण होना चाहिए, जहां विद्यार्थी बिना भय के अपने विचार रख सकें। शिक्षण संस्थान केवल प्रमाणपत्र देने के केंद्र न बनें, बल्कि स्वतंत्र चिंतन, अनुसंधान, नवाचार और मानवीय मूल्यों के विकास के केंद्र बनें। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि विद्यार्थी केवल अपने परिवार का भविष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र और मानवता की आशा भी हैं। उनकी आवाज में समाज को बदलने की शक्ति है और उनके विचारों में नई सभ्यता के निर्माण की संभावना है। लेकिन इस शक्ति का सकारात्मक उपयोग तभी संभव है, जब विद्यार्थी ज्ञान के साथ विवेक, अधिकारों के साथ जिम्मेदारी और महत्वाकांक्षा के साथ संवेदनशीलता को भी अपनाएं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विद्यार्थियों को केवल भविष्य का नागरिक न मानें, बल्कि वर्तमान का सक्रिय और जिम्मेदार भागीदार भी समझें। उनकी समस्याओं को सुनें, उनकी प्रतिभा को अवसर दें और उनके प्रश्नों का सम्मान करें। किसी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके भवनों, सड़कों और आर्थिक आंकड़ों से ही नहीं, बल्कि उसकी युवा पीढ़ी की शिक्षा, सोच और चरित्र से भी मापी जाती है। 17 नवंबर का यह दिवस हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का दीपक कभी बुझना नहीं चाहिए और स्वतंत्र विचारों की आवाज कभी दबनी नहीं चाहिए। क्योंकि आज का जागरूक विद्यार्थी ही कल के सशक्त, समतामूलक और प्रगतिशील समाज का निमार्ता है।



महेन्द्र तिवारी

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

जनगणना-2027 में गौतमबुद्धनगर के 8 हजार प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, डीएम मेधा रूपम ने की स्वगणना

16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे परिवार का विवरण, स्वगणना के बाद एसई आईडी रखना होगा जरूरी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। जनगणना-2027 को लेकर गौतमबुद्धनगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मेधा रूपम ने सोमवार को स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर स्वगणना अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जनपदवासियों से 16 से 30 नवंबर तक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर अपनी और परिवार की जानकारी दर्ज करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश और समाज के विकास, सरकारी योजनाओं तथा नागरिक सुविधाओं



के बेहतर नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनपद में जनगणना कार्य के लिए 12 चार्जों के अंतर्गत लगभग 8,000 प्रगणक तैनात किए गए हैं। ये प्रगणक 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

अपर जिलाधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि स्वगणना पूरी होने के बाद मिलने वाली विशिष्ट पहचान संख्या (एसई आईडी) को सुरक्षित रखना जरूरी है। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे तो उन्हें यह आईडी उपलब्ध करानी होगी, ताकि ऑनलाइन दर्ज विवरण का सत्यापन किया जा सके। उन्होंने बताया कि किराये पर रहकर नौकरी या व्यवसाय करने वाले लोगों की गणना भी जनपद में ही की जाएगी। व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम के तहत गोपनीय रखी जाएगी।

यमुना पुस्ता मार्ग पर उड़ती धूल पर सख्त हुआ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, तत्काल सफाई और मरम्मत के निर्देश

सेक्टर-94 से सेक्टर-135 तक अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, सीएंडडी कचरे का उचित निस्तारण कराने को कहा

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गौतमबुद्धनगर में नियंत्रण उपायों की समीक्षा तेज कर दी है। सोमवार को बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने मुख्य पर्यावरण अधिकारी राधेश्याम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नोएडा के यमुना



पुस्ता मार्ग पर सेक्टर-94 से सेक्टर-135 तक की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने सड़क की मरम्मत, धूल-मिट्टी की सफाई और निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे का उचित निस्तारण तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उड़ती धूल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इससे पहले जिलाधिकारी और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ प्रदूषण की वर्तमान स्थिति तथा नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण के निदेर्शों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका, 17 नवंबर से शुरू होगा विशेष पुनरीक्षण अभियान

16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां होंगी स्वीकार, चार दिन विशेष शिविरों में मौजूद रहेंगे बीएलओ

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर की मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए 17 नवंबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू होगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों नोएडा, दादरी और जेवर की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटवाने और विवरण में संशोधन के लिए दावे एवं



आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन दिनों संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में नया नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6, नाम हटवाने के लिए फार्म-7 और संशोधन अथवा निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरा जा सकेगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए निर्वाचन आयोग के ईसीआईनेट मोबाइल ऐप और https://voters.eci.gov.in पोर्टल की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 और 0120-2978702 पर संपर्क किया जा सकता है।

नोएडा में जनगणना-2027 के स्वगणना अभियान की शुरूआत, सांसद और सीईओ ने परिवार सहित दर्ज की जानकारी

समाज जागरण

नोएडा। जनगणना-2027 के तहत नोएडा में 16 नवंबर से स्वगणना अभियान शुरू हो गया। अभियान की शुरूआत पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करके की। अधिकारियों ने शहरवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लेने की अपील की।

स्वगणना की सुविधा 16 से 30 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली स्वगणना पहचान संख्या (एसई आईडी) सुरक्षित रखनी होगी और प्रगणक के घर पहुंचने पर उसे उपलब्ध कराना होगा।

चार्ज अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह के अनुसार, नोएडा में जनगणना के क्षेत्रीय कार्य के लिए 2,350 प्रगणक और 364 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये कर्मचारी एक



दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी निवासी गणना से छूटे नहीं और किसी की जानकारी दो बार दर्ज न हो। शहर में किराये पर रहकर नौकरी या व्यवसाय करने वाले लोगों की गणना भी नोएडा में ही की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि एकत्रित व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 15 के तहत गोपनीय रखी जाएगी।

यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन अधिक बेचने के आरोप में कंपनी निदेशक गिरफ्तार

दनकौर पुलिस ने अमरपुर के पास से पकड़ा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन के क्षेत्रफल में कमी होने के बावजूद अधिक जमीन बेचने के आरोप में दनकौर पुलिस ने यूटीएल होम्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनुराग प्रताप राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज था



और वह वांछित चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, कंपनी के निदेशक पर आरोप है कि उन्होंने जमीन का वास्तविक रकबा कम होने के बावजूद शिकायतकर्ता को अधिक क्षेत्रफल की जमीन बेच दी। इस संबंध में थाना दनकौर में मुकदमा संख्या 261/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

16 नवंबर को पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम अमरपुर के पास बनी साइट से गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र करीब 46 वर्ष बताई गई है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को प्रशिक्षण, पात्र नागरिकों का नाम जोड़ना प्राथमिकता

जिलाधिकारी ने घर-घर सत्यापन और विशेष शिविर लगाने के दिए निर्देश, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित



ग्रेटर नोएडा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बीएलओ अपने आवंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें। विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों और पहली बार मतदाता बनने वाले पात्र नागरिकों के पंजीकरण पर ध्यान देने को कहा गया।

उन्होंने आरडब्ल्यूए, एओए, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। अभियान की प्रतिदिन समीक्षा और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

समयपूर्व जन्मे शिशुओं को विशेष देखभाल की जरूरत, जागरूकता से घट सकता है जोखिम

17 नवंबर विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस पर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नोएडा। गर्भावस्था के 37 सप्ताह पूरे होने से पहले जन्म लेने वाले बच्चों को समयपूर्व या प्री-मैच्योर शिशु कहा जाता है। ऐसे बच्चों के कई अंग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते, इसलिए उन्हें जन्म के बाद विशेष देखभाल की आवश्यकता हो सकती है। सांस लेने में परेशानी, कम वजन, संक्रमण और शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में कठिनाई जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

फेलिक्स हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया आहूजा ने विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस के अवसर पर बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श से कई जोखिमों को कम किया जा सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, संक्रमण, जुड़वां गर्भ और पहले समयपूर्व प्रसव का




इतिहास इसके प्रमुख जोखिम कारक हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर ऐसे बच्चों को नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में रखा जाता है। उनकी स्थिति के अनुसार ऑक्सीजन, विशेष इनक्यूबेटर और अन्य उपचार दिए जाते हैं। मां का दूध और कंगारू मदर केयर भी शिशु के लिए लाभकारी होते हैं। विशेषज्ञ ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन, नियमित जांच और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की अपील की।

ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो चेन स्नैचर गिरफ्तार, 25 हजार का इनामी बदमाश भी घायल

चोरी की मोटरसाइकिल, दो तमंचे और कारतूस बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान भाग रहे मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी



कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ पप्पू और मोनू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दीपू उर्फ पप्पू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के मुताबिक, 15 और 16 नवंबर की मध्यरात्रि ढकिया बाबा गोलचक्कर के पास चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि दोनों ने भागने का प्रयास किया। पीछा करने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सदरपुर से चोरी की गई एक अपाचे मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

रबूपुरा में हत्या के मामले में दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, दो अन्य गिरफ्तार

इस्माइल हत्याकांड में कार्रवाई, तमंचे और वारदात में इस्तेमाल सामान बरामद

ग्रेटर नोएडा। रबूपुरा थाना क्षेत्र में इस्माइल हत्याकांड के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है,



जबकि उनके दो अन्य साथियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में राजकुमार और सचिन के पैर में गोली लगी। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को पुरानी मिजार्पुर रोड से रुस्तमपुर जाने वाले मार्ग के टी-प्वाइंट पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से राजकुमार और सचिन को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया, जबकि कमल और हरेन्द्र उर्फ हतेन्द्र को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, दो मोटरसाइकिल, एक चाकू, लोहे की रॉड और चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि आठ नवंबर को आरोपी चोरी के इरादे से रबूपुरा क्षेत्र में नहर किनारे खेत में गए थे, जहां इस्माइल की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

सेक्टर-45 की काशीराम कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत, मिल-जुलकर रहने का दिया संदेश

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-45 स्थित काशीराम कॉलोनी में 15 नवंबर को लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलोनीवासियों ने आपसी सहयोग से पार्क में पूजा स्थल तैयार किया और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अखंडानंद नगर प्रखंड के पालक श्यामवीर शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उनके साथ पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष अमर सिंह परिहार और सेक्टर-16 के प्रधान ब्रह्मपाल सिंह का भी स्वागत किया गया। श्यामवीर शर्मा ने सभी को छठ पर्व



की शुभकामनाएं देते हुए आपसी एकता, भाईचारे और मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। वे मंदिर में आयोजित शाम की आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुबोध झा सहित समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



सेक्टर-105 में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न

कम्युनिटी सेंटर में उमड़े श्रद्धालु, लोकगीतों और भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-105 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित छठ पूजा महापर्व सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ। आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी समिति और छठ पूजा समिति के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

15 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया, जबकि 16



नवंबर की सुबह पांच बजे से व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पारंपरिक छठ गीतों, भजनों और प्रसाद वितरण से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने व्रतियों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र के लोगों को एक परिवार की तरह जोड़ते हैं। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, छठ पूजा समिति के सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया।

वैश्विक निबंध प्रतियोगिता में टीएमयू के पांच विद्यार्थियों ने बनाई पहचान

तंजिला बासेर को द्वितीय पुरस्कार, चार अन्य विद्यार्थियों की प्रविष्टियों को भी मिली विशेष मान्यता

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के पांच विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन मोनोमौसुमी पब्लिकेशन्स की ओर से किया गया था, जिसमें दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जर्मनी, मैक्सिको, हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व सहित कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डेवलपमेंट की पहल के तहत विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा तंजिला बासेर ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। बीसीए प्रथम सेमेस्टर की सितवत जेहरा को फाइनलिस्ट-स्पेशल एंट्री के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं अंजलि, संदीप और जैनब अयूब के निबंधों को आउटस्टैंडिंग एंट्री के तहत विशेष मान्यता मिली।

विश्वविद्यालय के सीटीएलडी निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि में सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर शमीला फातिमा मिर्जा के मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की।

स्पाइनल टीबी के उपचार पर सफदरजंग अस्पताल में विशेषज्ञों ने किया मंथन

संगोष्ठी में 125 प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा, जांच और उपचार के आधुनिक तरीकों पर चर्चा

समाज जागरण

नई दिल्ली। वर्धमान महावीर चिकित्सा महाविद्यालय और सफदरजंग अस्पताल के अस्थि रोग संस्थान की ओर से 13 नवंबर को रीढ़ की हड्डी के क्षय रोग यानी स्पाइनल टीबी के प्रबंधन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। दिल्ली अस्थि रोग संघ की पूर्व-सम्मेलन कार्यशाला के तहत आयोजित कार्यक्रम में 125 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता रानी शर्मा, महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. गीतिका खन्ना और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा ने किया। संगोष्ठी में स्पाइनल टीबी की पहचान, जांच, शल्य चिकित्सा और बिना ऑपरेशन उपचार के विकल्पों पर चर्चा हुई।

विशेषज्ञों ने उपचार के नवीन तरीकों, बायोप्सी, कल्चर, आधुनिक जांच तकनीकों और विभिन्न चिकित्सा विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर विचार साझा किए। चर्चा में उपचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देने वाले मरीजों के लिए छह महीने की क्षय रोग रोधी दवा चिकित्सा से जुड़े वर्ष 2026 के साक्ष्य-आधारित निष्कर्षों की जानकारी भी दी गई।

गुलिस्तानपुर के 113 किसानों को मिला छह फीसदी आबादी भूखंड

90 भूखंडों का ड्रॉ, 23 किसानों को सीधे आवंटन पत्र जारी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुलिस्तानपुर गांव के 113 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटित किए हैं। सोमवार को 90 समान



आकार के भूखंडों का ड्रॉ निकाला गया, जबकि अलग-अलग आकार के 23 भूखंडों के आवंटन पत्र किसानों को जारी कर दिए गए। लंबे समय से आवंटन का इंतजार कर रहे किसानों को इससे राहत मिली है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में आवंटन प्रक्रिया पूरी कराई गई। प्राधिकरण के अनुसार, गुलिस्तानपुर के किसानों की जमीन अधिग्रहित होने के बाद से छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटन का मामला लंबित था। आवंटित भूखंडों का आकार 130 से 650 वर्गमीटर तक है। ड्रॉ के दौरान प्राधिकरण के नियोजन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

स्व-गणना अभियान की प्रगति की समीक्षा, लक्ष्य के सापेक्ष शून्य प्रगति वाले विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



समाज जागरण

सम्भल (बहजोई), 16 नवंबर 2026 । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित होने वाले स्व-गणना अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने विगत बैठक में विभिन्न विभागों को स्व-गणना के संबंध में दिए गए लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक हुई प्रगति की विभागवार जानकारी प्राप्त की।

समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग, आबकारी विभाग, पंचायती राज विभाग, सेल्स टैक्स, महिला कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग एवं पूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शून्य पाई गई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने स्व-गणना अभियान की प्रगति में तेजी लाने तथा आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए स्व-गणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्म चारियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसके सफल एवं समयबद्ध संचालन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना आवश्यक है। सभी संबंधित विभाग स्व-गणना अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करें।

संभल में सपाइयों ने मनाई वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि

समाज जागरण



सम्भल। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निदेर्शानुसार जिला संभल में समाजवादी पार्टी द्वारा वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला कार्यालय सभल पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके जीवन, संघर्ष और बलिदान को याद किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना थीं। उन्होंने लखनऊ के सिकंदर बाग में अंग्रेजी सेना के खिलाफ अदम्य साहस के साथ युद्ध लड़ा और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका बलिदान आज भी देश की महिलाओं और वंचित समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से महापुरुषों, वीरांगनाओं और शहीदों के सम्मान के लिए काम करती रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, वीरांगना ऊदा देवी पासी, झलकारी बाई और सभी महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई ही सपा की असली पहचान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पदाधिकारी ने कहा कि आज के समय में ऊदा देवी पासी के विचारों को अपनाने की सबसे ज्यादा जरूरत है। दलित, पिछड़े और वंचित समाज को शिक्षा, सम्मान और अधिकार दिलाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पार्टी के कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे गांव-गांव जाकर उनके बलिदान की गाथा को लोगों तक पहुंचाएं।

बैठक में उपस्थित रहे विधानसभा अध्यक्ष चंदौसी उमेश यादव बलवंत सिंह सईद इजरायली उमेश दिवाकर अमरीश यादव हबीब अहमद आमिर खान एड वोकेट फैयाज प्रधान रवि दिवाकर डॉक्टर शाहिद सैफी रियासत हुसैन उस्मान अंसारी चरक सिंह जाटव तेजपाल सिंह जाटव विद्याराम यादव सोनू दिवाकर अमर सिंह रामबाबू सत्यवान यादव राजू दिवाकर फैजान तुर्की जाकिर अंसारी फराज असगर मोबीन सैफी आरजू अंसारी आदि उपस्थित रहे।

डीएम और एसएसपी ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े का किया शुभारंभ।

30 नवंबर तक चलेगा अभियान, प्रचार वाहनों और जागरूकता रैलियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े की शुरूआत हुई। कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी और एसएसपी आदित्य लांग्हे ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नाग रिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रचार वाहनों और जागरूकता रैलियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासन के निर्देश पर 16 से 30 नवंबर तक चलने वाले अभियान की थीम 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' रखी गई है। इस दौरान प्रचार वाहन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने और सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

प्रदेश में कानून व्यवस्था सबसे खराब, एनसीआरबी के आंकड़े देखें : रामगोपाल यादव

झलकारी बाई महाकुंभ में सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना ओवैसी के बयान पर बोले- उनकी हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं, कांग्रेस से सीटों पर अभी फैसला नहीं

समाज जागरण



फिरोजाबाद। झलकारी बाई महाकुंभ में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, भाजपा सरकार, आजम खां से ईडी की पूछताछ और कांग्रेस से गठबंधन सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। वहीं असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देने से भी परहेज किया। ओवैसी के मूंछ वाले और दाढ़ी वाले के गठबंधन वाले बयान पर रामगोपाल यादव ने कहा कि उनकी हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं है। वह उनकी बातों का संज्ञान भी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि चुनाव में भाजपा से कौन लड़ रहा है, भाजपा से सपा लड़ रही है या दूसरे दल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 2017 से पहले उपद्रव और अब उत्सव वाले बयान पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों के पैरों में गोलियां मारी जा रही हैं, मकान गिराए जा रहे हैं और संपत्तियों पर कब्जे हो रहे हैं। कानून व्यवस्था के सवाल पर उन्होंने दावा किया कि देश में उत्तर प्रदेश की स्थिति सबसे खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराध, हत्या, डकैती और दुष्कर्म के मामलों का हवाला देते हुए एनसीआरबी के आंकड़े देखने की बात कही। कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर उन्होंने कहा कि अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। बातचीत चल रही होगी। पूर्व डीजीपी बृजलाल के सपा के दलित सम्मेलन को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद उन्हें राज्यसभा की उम्मीद थी, इसलिए सपा को घेर रहे हैं। भाजपा के मथुरा में शुरू हुए चिंतन शिविर पर उन्होंने कहा कि चिंतन विद्वान लोग करते हैं, भाजपा के चिंतन के बारे में सभी जानते हैं। आजम खां से ईडी की पूछताछ पर उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी स्वतंत्र संस्था नहीं रह गई है। अयोध्या मामले में अखिलेश यादव पर लगाए जा रहे आरोपों पर उन्होंने कहा कि जो लोग सनातन का अर्थ ही नहीं जानते, उन्हें क्या समझाया जाए।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 16 से 30 नवंबर तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को किया रवाना, यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई), 16 नवंबर 2026। शासन के निदेर्शों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि में कमी लाने के उद्देश्य से जनपद में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अंकित खण्डे लवाल ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि निर्धारित आयु पूर्ण होने से पहले वाहन न चलाएं। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें तथा स्वयं भी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सहभागिता भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात सम्भल श्रुति सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताम चतुर्वेदी, यात्री/मालकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार यादव, यातायात प्रभारी दुष्यंत वालियान, जिला सचिव स्काउट गाइड एवं प्रवक्ता राजीव वाष्णेय सहित हिन्द मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, गणेश मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, केजीएन मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, एफएस मोटर ड्राइविंग स्कूल, हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज एवं इंटर मीडिएट कॉलेज बहजोई के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताम चतुर्वेदी द्वारा हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज एवं इंटर मीडिएट कॉलेज, बहजोई के छात्र-छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराया गया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

मानवाधिकार संघ ने प्रकाश पर्व व स्नेह मिलन बैठक किया आयोजन

समाज जागरण



चन्दौसी। मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में सीता आश्रम रोड स्थित छोटे लाल कॉलोनी में मेंथा व्यवसायी पवन अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर दीपावली के उपलक्ष्य में प्रकाश पर्व स्नेह मिलन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शांति राणा शांति के द्वारा स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा आपसी प्रेम,भाईचारे, सद्भावना और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बैठक में उपस्थित सुखपाल सिंह गौर ने देशभक्ति पर आधारित काव्य पाठ "देशभक्ति से बड़ी कोई आराधना ही नहीं" से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। जयशंकर दुबे ने गीत "लेकर खूबियों को आई है दीवाली बंधुओ, मन का बैर सब भुला दो बन्धुओ"के माध्यम से दीपावली की शुभकामनायें प्रेषित कीं। संस्था के नगर अध्यक्ष दिनेश सिंह ने संगठन को अधिक सक्रिय प्रभावशाली एवं जनहितकारी बनाने के लिए आपसी समन्वय ,संगठनात्मक विस्तार तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का सुझाव दिया। संस्था के प्रदेश संयोजक अश्वनी कुमार शर्मा ने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्यौहार नहीं बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर, तथा वैमनस्य से प्रेम और सदभाव की ओर बढ़ने का प्रेरणादायक पर्व है। मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से समाज में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नागरिकों को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करने, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण,और समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करने जैसे विषयों पर विचार रखा। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने समाज में प्रेम, शांति, सद्भावना एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में अध्यक्षता बृजगोपाल गुप्ता की रही। बैठक में संजय गुप्ता, विश्व जीत शर्मा, डॉ. दीपचंद अग्रवाल, जयशंकर दुबे, राजकुमार गोयल, हगपाल सिंह, दिनेश कुशवाह, सुरेश सिंह यादव, विपिन गुप्ता, पवन अग्रवाल, हरीश सिंह एडवोकेट, राहुल मौर्य आदि गढ़मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बहजोई के स्कूलों में यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

विद्यार्थियों को यातायात

समाज जागरण





बहजोई।पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी यातायात निरीक्षक दुष्यंत बालियान के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा बहजोई स्थित चन्द्रपाल आर्य आदर्श इंटर कॉलेज एवं गोल्डन पब्लिक स्कूल बहजोई में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीम द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन न चलाने दें। इसके साथ ही सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने तथा यातायात संकेतों एवं सड़क चिन्हों का पालन करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमों का स्वयं पालन करने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे स्वयं सड़क सुरक्षा के संदेशवाहक बनें और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

नगर पालिका में जनगणना को लेकर हुई बैठक

समाज जागरण

चन्दौसी। नगर पालिका परिषद चंदौसी के गांधी पार्क (अस्थाई कार्यालय) में दोपहर 1.30 बजे से जनगणना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि जनगणना के द्वितीय चरण की



स्वगणना दिनांक 16 नवंबर से 30 नवंबर तक की जानी है एवं मुख्य जनगणना दिनांक 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक की जानी है, जिसमें नागरिको की स्वगणना हेतु बैठक में उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित किया गया एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी पालिका अधिकारी, कर्मचारियों को द्वितीय चरण की स्वगणना हेतु विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, राजस्व निरीक्षक सचिन सक्सेना, प्रभाकर गुप्ता, चन्द्रमोहन, प्यारेलाल, नरेश कुमार, आशीष गुप्ता, हिना गोयल आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

छात्राओं को ईसीआईनेट एप से सिखाया मतदाता पंजीकरण का तरीका

महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में चला जागरूकता अभियान, चार जनवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

समाज जागरण



फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में सोमवार को छात्राओं को ईसीआईनेट एप के माध्यम से मतदाता पंजीकरण और निर्वाचन संबंधी डिजिटल सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं के मोबाइल में एप डाउनलोड कराकर उसके इस्तेमाल का तरीका भी समझाया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शर्मा ने छात्राओं को बताया कि एप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के साथ निर्वाचन से जुड़ी अन्य जानकारियां भी प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची 17 नवंबर को प्रकाशित होगी। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। 21-22 नवंबर और 28-29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। सभी दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदाता पंजीकरण के लिए जागरूक करने की अपील की। महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निशा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी लेकर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

आईवे इंटरनेशनल स्कूल में यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति किया जागरूक।

समाज जागरण



फिरोजाबाद। यातायात माह के तहत सोमवार को यातायात पुलिस ने आईवे इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस कर्मियों ने छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान बच्चों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। सड़क पार करते समय भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे खुद यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों पर अंकुश लगाना और लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना है।

यातायात पुलिस ने अपील की कि नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी में नवप्रवर्तकों ने दिखाई प्रतिभा, विधायक और डीएम ने सराहा

समाज जागरण



टूण्डला। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूण्डला में असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना सहाय एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ टूण्डला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी टूण्डला श्रीमती दिव्या सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय, रंजना सहाय एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने सभी नवप्रवर्तकों के नवाचारों का अवलोकन किया एवं उनके नवाचारों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सभी नवप्रवर्तकों एवं छात्राओं के नवाचारों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नवाचारों को नवीन दिशा प्रदान करने के लिए जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के साथ विद्यालय के कुल 242 छात्र- छात्राओं ने 142 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, मटका में लौकी उत्पादन, जैविक सब्जी उत्पादन, गोदाम वायरिंग, मिट्टी के बर्तन, रूडी, जैविक दाल उत्पादन,मोमबत्ती उत्पादन आदि नवाचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन कृषि वैज्ञानिक डॉ तेज प्रकाश, डॉ ओमकार सिंह यादव, डॉ पृथ्वी पाल और ध्रुव कान्त तिवारी ने किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान मनोज कुमार विद्यार्थी, द्वितीय राकेश कुमार, तृतीय स्थान सचिन कुमार एवं पाँच सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः लोकेश कुमार,दिलीप कुमार, सचिन सैनी, बरखा एवं बबली देवी ने प्राप्त किया। उन्हें सभी अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा क्रमशः 8000, 5000, 3000, 2000, 2000, 2000, 2000, 2000 रुपये आरटी जीएस के माध्यम से प्रदान किये जाएंगे। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती मुदिता पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी गुप्ता, अर्चना सिंह, प्रियंका, कुमकुम गुप्ता, कविता गौतम, उपासना सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

जैन सम्राट गौरव प्रतियोगिता में नृत्या प्रथम, दृष्टि द्वितीय और जोया तृतीय

जैन इंटर कॉलेज में विजेता छात्राओं को पारितोषिक देकर किया सम्मानित
90 छात्र-छात्राओं ने लिया था प्रतियोगिता में भाग

समाज जागरण



बागपत। खेकड़ा कस्बे के जैन इंटर कॉलेज में सोमवार को भारतीय जैन मिलन के तत्वावधान में आयोजित जैन सम्राट गौरव विषयक वस्तुनिष्ठ प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 तक के 90 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितंबर को किया गया था। इसमें प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उसी दिन सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए थे। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में विशेष पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा नृत्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ की दृष्टि शर्मा द्वितीय और कक्षा नौ की ही छात्रा जोया तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत जैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन शिक्षक दीपक शर्मा ने किया। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेश जैन, प्रबंधक शरद जैन, जैन मिलन अध्यक्ष मनोज जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनेश्वर दयाल जैन, अर्पित जैन समेत कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

समाज जागरण



बागपत। मेरा युवा भारत बागपत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बागपत एवं खेकड़ा क्षेत्र में किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। विभिन्न खेल प्रति योगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में परशुराम क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में कीर्ति क्लब ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी में अंशिका क्लब द्वितीय स्थान पर रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 1600 मीटर दौड़ में मुकुल ने प्रथम, मनीष ने द्वितीय तथा शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में शगुन प्रथम, साजिया द्वितीय एवं वंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका लंबी कूद में शगुन प्रथम, साजिया द्वितीय एवं रिया तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक लंबी कूद में अर्जुन प्रथम, हनी द्वितीय तथा अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गजेन्द्र आचार्य, सरसंचालक जिला बागपत रहे। उनके साथ कृष्णपाल, मनोज, राहुल राजपूत, सांतनू, राकेश, सुभाष त्यागी, मनीष, राहुल मानव, ऋषभ ढाका एवं सन्नी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना एवं निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अनिकेत शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया तथा युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मेरा युवा भारत की ओर से राहुल शर्मा, हर्ष, नितीश भारद्वाज, सुषमा, दानिश, शिवम, कार्तिक प्रिया, शाकिर गुलफ्शा एवं अलीशा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर युवाओं की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना तथा खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने किया छठ महापर्व का समापन

छठ मइया की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों की लंबी आयु की कामना की
कृत्रिम घाटों पर भोर से ही उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

समाज जागरण



बागपत। खेकड़ा कस्बे में सोमवार को छठ महापर्व का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। चार दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ मइया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों की लंबी आयु और खुशहाली की कामना की।
पूर्वांचल की परंपरा के अनुसार कस्बे में रह रहे पूर्वांचल के परिवारों ने अपने घरों और मोहल्लों में बनाए गए कृत्रिम तालाबों एवं घाटों पर छठ पूजा की। सोमवार तड़के भोर से पहले ही व्रती महिलाएं फल, फूल, पुआ, पूड़ी, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्री से सजी डलिया लेकर घाटों पर पहुंच गईं। श्रद्धालुओं ने वेदी सजाकर दीप प्रज्वलित किए और छठ मइया की आरती उतारी। इसके बाद व्रती महिलाओं ने सूप में नारियल और दीपक सहित पूजन सामग्री रखकर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने कोसी भरने की परंपरा निभाते हुए संतान की दीर्घायु और परिवार के मंगल की प्रार्थना की। सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण कर महापर्व का समापन किया गया। इस दौरान पूरे माहौल में छठ मइया के गीतों और भक्ति के स्वर गूंजते रहे। पूजा में पुष्पा पटेल, सविता यादव, नीलम समेत व्रती महिलाएं शामिल रहीं। वहीं सोनिया, गीता, दीपांजली, दीपा, ज्योति, आरती, मधु, सुनीता, विपिन, अनिल और पंकज समेत अनेक श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में सहयोग किया।

कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन गाजियाबाद की टीम जीती

समाज जागरण

चांदीनगर। चमरावल गांव में चल रही दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सपा नेता ने फीता काटकर उद्घाटन किया, जहां गाजियाबाद और चमरावल के बीच हुए मुकाबले में गाजियाबाद की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सपा नेता रवि बैसला ने उद्घाटन करते हुए कहा कि कबड्डी बागपत का सबसे प्रिय खेल रहा है। फखरपुर गांव ने कबड्डी के



देश और विदेश में खेलने वाले खिलाड़ी दिए, जिन्होंने जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि बागपत ने कुश्ती, कबड्डी, क्रिकेट में अपना मुकाम हासिल किया है। कबड्डी प्रतियोगिता में गाजियाबाद ने 28 अंक और चमरावल ने 14 अंक हासिल किए, जिसमें गाजियाबाद की टीम विजयी रही। फाइनल मैच देर रात तक खेला जाएगा। इस मौके पर केशव प्रधान, राजबीर सहित अन्य युवक मौजूद रहे।

रंगोलियों के जरिए विद्यार्थियों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश, जागरूकता रैली निकाली

- जैन इंटर कॉलेज में स्वीप के तहत आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता
- विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर मतदान के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण



बागपत। आगामी विधानसभा निर्वा चन को लेकर मतदाता जागरू कता अभियान के तहत सोमवार को खेकड़ा कस्बे के जैन इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगों और नारों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए लोकतंत्र में प्रत्येक मत की अहमियत बताई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत एसडीएम एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दीपशिखा सिंह के निर्देशन में तहसीलदार अनुजा अत्री ने प्रतियोगिता आयोजित कराई। इसमें छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर मतदाता जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान के महत्व को दशार्या। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और निर्वाचन के दौरान निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। तहसीलदार अनुजा अत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन में मतदान के प्रति जाग रूकता बढ़ाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत जैन, शिक्षक दीपक शर्मा सहित कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

गुरुकुल विद्यापीठ में विद्यार्थियों को सिखाए यातायात सुरक्षा के गुर

- यातायात निरीक्षकों ने हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व की दी जानकारी
- विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

समाज जागरण



बागपत। नवंबर माह को यातायात जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के तहत सोमवार को गुरुकुल विद्यापीठ खेकड़ा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें यातायात निरीक्षकों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मुकेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान यातायात निरीक्षकों ने विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके बताए। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर जोर दिया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर लगने वाले जुमार्ने और कानूनी दंड की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही सड़क हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का जिम्मेदारी से पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य प्रभा सिंघल और उपप्रधानाचार्य राखी झा ने भी विद्यार्थियों को स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सीख दी।
कार्यक्रम में छात्रा अविका और छात्र अनंत ने यातायात नियमों पर आधारित प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

देव इंटर कॉलेज डौलचा में प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरित

समाज जागरण

बालैनी। बागपत के ग्राम डौलचा स्थित देव इंटर कॉलेज में प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम



का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी शिक्षा के मार्ग को और अधिक सुगम बनाना है। बेटियाँ शिक्षित और आत्मनिर्भर बनें, यही समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर कहा गया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए इस प्रकार के सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। बेटियों की शिक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में हरपाल प्रधान, भूले प्रधान, भालेंद्र यादव, मोनू यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

दुनियां के विख्यात धामों में शामिल होगा कुंडली का श्री अग्रसेन धाम : कन्हैया मित्तल

समाज जागरण



बागपत। श्री अग्रसेन धाम कुंडली में भगवान गोवर्धन जी की पूजा करने के लिए विशेष रूप से पधारे विश्व विख्यात भजन सम्राट एवं धाम के अंतरराष्ट्रीय संयोजक महिमा प्रचार कन्हैया मित्तल ने विधिवत रूप से भगवान गोवर्धन के विराट रूप की पूजा की व 108 बाग की परिक्रमा करते हुए धाम पर चल रहे भवन निर्माण का पाचन निरीक्षण किया। कन्हैया मित्तल ने कहा कि भगवान गोवर्धन जी की साक्षात साक्षात रूप में प्रकट यह विराट छवि श्री अग्रसेन धाम कुंडली की श्रद्धा एवं महानता को उजागर करती है। श्री अग्रसेन धाम कुंडली दुनिया के विख्यात धामों में शामिल होगा और दर्शन करने के लिए सम्पूर्ण भारत से भक्त विशेष रूप से पूजा करने के लिए पधारेंगे। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि सनातन की जागृति में करोड़ों -करोड़ों हिंदू सनातनियों के दिल की धड़कन बनकर विश्व विख्यात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कन्हैया मित्तल की भजन शक्ति व बुलंद आवाज से आज देश का अधिकांश युवा सनातन व हिंदुत्व के साथ जुड़कर सुखद राष्ट्र की बात कर रहा है। पूजा समारोह में स्वागत अध्यक्ष के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेवी रविंद्र अग्रवाल नरेला व अनिल गुप्ता नरेला वालों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। छोटी नन्हीं बच्ची धनश्री ने मुख्य भक्त शिरोमणि कन्हैया मित्तल जी को तिलक करके देवी के बाल रूप में आशीष दिया। धाम के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल , सीनियर वाइस चेयरमैन टीकाराम मित्तल, वाइस चेयरमैन दयाशंकर गुप्ता, नरेला विकास समिति के अध्यक्ष मोहित गुप्ता, राहुल सिंघल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, संजय शर्मा, सतीश तुषीर, रश्मि सिंगल ,श्री भगवान गोयल, विजेंद्र पप्ल जी, पवन अग्रवाल अशोक गर्ग जी डॉक्टर राजेश गुप्ता आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

मां की मौत पर बेटी ने किया अन्तिम संस्कार व बंधी सिर पर पगड़ी

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर



बिजनौर। स्थानीय नई बस्ती स्थित आर्य गोपाल सदन निवासी श्रीमती शिखा राजपूत पत्नी स्वर्गीय दिनेश कुमार राजपूत का बुधवार (भैया दूज) को निधन हो जाने पर बेटा न होने के कारण स्नातक में पढ़ रही बेटी ने अपनी मां का अंतिम संस्कार कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती शिखा को विगत फरवरी माह में चोट लगने के कारण हड्डी फ्रैक्चर हो गया था। कुछ दिन बाद उनके गाल में अंदर की ओर कैंसर बनने के कारण काफी परेशान चल रही थी। इलाज के दौरान दिनांक 11 11.2026, दिन बुधवार को उनका देहांत हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बैराज गंगा घाट पर चार बेटियों में सबसे छोटी बेटी आस्था जो स्नातक की छात्रा है, ने बहते अश्रुओं के साथ कराया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों की आंखें आंसुओं से डबडबा रहीं थी। उनकी अंत्येष्टि रविवार को उनके निज आवास पर की गई। पगड़ी की रस्म भी कु. आस्था द्वारा कराई गई। इस अवसर पर सभी रिश्तेदार एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। श्रीमती शिखा राजपूत, रजनीश आर्य की मामी थी। हिन्दू समाज में कुछ रीति-रिवाजों एवं अन्य संस्कारों को लेकर काफी परिवर्तन देखने में आ रहा है। जंहा पहले महिलाओं के श्मशान घाट पर जाने पर भी रोक थी, आज बेटियां मुखाग्नि दे रहीं हैं और घर की जिम्मेदारी का बोझ भी उठाने को तत्पर हैं। ऐसा ही मामला नई बस्ती निवासी स्वर्गीय दिनेश कुमार के घर का जंहा अभी 11 नवंबर को कैंसर से पीड़ित उनकी पत्नी शिखा का निधन हो गया था। ऐसे में चारों बहनों ने तय किया कि छोटी बहन पुत्र का कर्तव्य निभायेगी। 11 नवंबर को बैराज गंगा घाट पर बेटी आस्था द्वारा मुखाग्नि दी गई और आज रविवार को तेरहवीं की रस्म के अवसर पर रस्म पगड़ी में भी बेटी आस्था को पगड़ी बांधी गई।

पुश्तैनी मकान पर अवैध कब्जे का आरोप, रिटायर्ड दरोगा ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

समाज जागरण

बागपत। गांव बिलोचपुरा स्थित पुश्तैनी मकान में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी को लेकर दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर बाबू खान ने जिलाधिकारी बागपत को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बाबू खान पुत्र शफीक खान निवासी न्यू पुलिस लाइन जीटीबी नगर दिल्ली ने बताया कि उनका बिलोचपुरा में 750 वर्ग मीटर में

पुश्तैनी मकान है, जो बंटवारे में उनके हिस्से में आया है। वह स्वास्थ्य खराब होने के कारण दिल्ली में बेटों के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे दिल्ली पुलिस और रेलवे में अधिकारी हैं। आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर रिश्तेदार शमीम फातिमा पत्नी इस्माईल खान व जलू खान पुत्र शफीक खान और कुछ अन्य लोग मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। हाल ही में कराई गई मरम्मत के बाद आरोपियों ने गेट व दीवार तोड़कर ईंटें निकाल लीं। आरोप है कि जलू खान ने खुलेआम धमकी दी कि यदि वह मकान में आए तो उनकी टांगे तोड़ दी जाएंगी और जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए, मकान की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और थाना पुलिस को मौके पर भेजकर अवैध कब्जा रोका जाए।

कांधला रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

पुत्र को लेने गढ़ीदौलत जा रहा था सहारनपुर निवासी मनव्वर
हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से हुए घायल
कैराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा घायलों का उपचार

समाज जागरण



कैराना। नगर के कांधला रोड स्थित मीट प्लांट के सामने दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने डायल-112 पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।जनपद सहारनपुर की रामपुर तहसील के गांव बाबूपुरा निवासी मनव्वर पुत्र मोहम्मद शफी अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी 11 सीएन 2846 पर सवार होकर पुत्र सैफ को लेने गांव गढ़ीदौलत जा रहा था।

जैसे ही वह कैराना-कांधला मार्ग पर स्थित मीट प्लांट के सामने पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों की मदद करते हुए डायल-112 पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए कैराना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

सोशल मीडिया पर युवती को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

पिपरी/ सोनभद्र। सोशल मीडिया के माध्यम से युवती को गाली-गलौज करने, जान से मारने और निजी सामग्री वायरल कर सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने की धमकी देने के आरोप में पिपरी पुलिस ने सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मोबाइल फोन और फेसबुक मैसेंजर के जरिए युवती को लगातार परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, थाना पिपरी में प्राप्त प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बहन को शरद कुमार जायसवाल पुत्र नंदन कुमार जायसवाल द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि युवक युवती के साथ गाली-गलौज करता था और जान से मारने की धमकी देने के साथ उसकी निजी सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। इससे पीड़िता और उसके परिजन भयभीत एवं मानसिक रूप से परेशान थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धारा 351(3), 352, 356(1) बीएनएस और 66ए, 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मेविस टॉक और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शरद कुमार जायसवाल पुत्र नंदन कुमार जायसवाल निवासी रोटरी क्लब के पास, कृष्ण मंदिर, मुर्धवा, रेणुकूट, थाना पिपरी, सोनभद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को सक्षम न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव और उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह शामिल रहे।

बच्चों से भरी वैन पलटी, कई छात्र घायल

एटा रोड पर हुआ हादसा, झा क्लासेस के बच्चे थे सवार
स्थानीय लोगों ने वैन में फंसे बच्चों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

शिकोहाबाद। एटा रोड पर सोमवार को झा क्लासेस के बच्चों से भरी वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई छात्र घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया।



हादसे के बाद स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वैन में कितने बच्चे सवार थे और क्या उन्हें वाहन की क्षमता से अधिक बैठाया गया था, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस और क्षमता की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग को ऐसे वाहनों की नियमित जांच करनी चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, ताकि इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

जनगणना-2027 में गौतमबुद्धनगर के 8 हजार प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, डीएम मेधा रूपम ने की स्वगणना

16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे परिवार का विवरण, स्वगणना के बाद एसई आईडी रखना होगा जरूरी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। जनगणना-2027 को लेकर गौतमबुद्धनगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मेधा रूपम ने सोमवार को स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर स्वगणना अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जनपदवासियों से 16 से 30 नवंबर तक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर अपनी और परिवार की जानकारी दर्ज करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश और समाज के विकास, सरकारी योजनाओं तथा नागरिक सुविधाओं



के बेहतर नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनपद में जनगणना कार्य के लिए 12 चार्जों के अंतर्गत लगभग 8,000 प्रगणक तैनात किए गए हैं। ये प्रगणक 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

अपर जिलाधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि स्वगणना पूरी होने के बाद मिलने वाली विशिष्ट पहचान संख्या (एसई आईडी) को सुरक्षित रखना जरूरी है। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे तो उन्हें यह आईडी उपलब्ध करानी होगी, ताकि ऑनलाइन दर्ज विवरण का सत्यापन किया जा सके। उन्होंने बताया कि किराये पर रहकर नौकरी या व्यवसाय करने वाले लोगों की गणना भी जनपद में ही की जाएगी। व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम के तहत गोपनीय रखी जाएगी।

यमुना पुस्ता मार्ग पर उड़ती धूल पर सख्त हुआ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, तत्काल सफाई और मरम्मत के निर्देश

सेक्टर-94 से सेक्टर-135 तक अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, सीएंडडी कचरे का उचित निस्तारण कराने को कहा

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गौतमबुद्धनगर में नियंत्रण उपायों की समीक्षा तेज कर दी है। सोमवार को बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने मुख्य पर्यावरण अधिकारी राधेश्याम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नोएडा के यमुना



पुस्ता मार्ग पर सेक्टर-94 से सेक्टर-135 तक की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने सड़क की मरम्मत, धूल-मिट्टी की सफाई और निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे का उचित निस्तारण तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उड़ती धूल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इससे पहले जिलाधिकारी और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ प्रदूषण की वर्तमान स्थिति तथा नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण के निदेर्शों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका, 17 नवंबर से शुरू होगा विशेष पुनरीक्षण अभियान

16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां होंगी स्वीकार, चार दिन विशेष शिविरों में मौजूद रहेंगे बीएलओ

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर की मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए 17 नवंबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू होगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों नोएडा, दादरी और जेवर की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटवाने और विवरण में संशोधन के लिए दावे एवं



आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन दिनों संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में नया नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6, नाम हटवाने के लिए फार्म-7 और संशोधन अथवा निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरा जा सकेगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए निर्वाचन आयोग के ईसीआईनेट मोबाइल ऐप और https://voters.eci.gov.in पोर्टल की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 और 0120-2978702 पर संपर्क किया जा सकता है।

नोएडा में जनगणना-2027 के स्वगणना अभियान की शुरूआत, सांसद और सीईओ ने परिवार सहित दर्ज की जानकारी

समाज जागरण

नोएडा। जनगणना-2027 के तहत नोएडा में 16 नवंबर से स्वगणना अभियान शुरू हो गया। अभियान की शुरूआत पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करके की। अधिकारियों ने शहरवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लेने की अपील की।

स्वगणना की सुविधा 16 से 30 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली स्वगणना पहचान संख्या (एसई आईडी) सुरक्षित रखनी होगी और प्रगणक के घर पहुंचने पर उसे उपलब्ध कराना होगा।

चार्ज अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह के अनुसार, नोएडा में जनगणना के क्षेत्रीय कार्य के लिए 2,350 प्रगणक और 364 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये कर्मचारी एक



दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी निवासी गणना से छूटे नहीं और किसी की जानकारी दो बार दर्ज न हो। शहर में किराये पर रहकर नौकरी या व्यवसाय करने वाले लोगों की गणना भी नोएडा में ही की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि एकत्रित व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 15 के तहत गोपनीय रखी जाएगी।

यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन अधिक बेचने के आरोप में कंपनी निदेशक गिरफ्तार

दनकौर पुलिस ने अमरपुर के पास से पकड़ा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन के क्षेत्रफल में कमी होने के बावजूद अधिक जमीन बेचने के आरोप में दनकौर पुलिस ने यूटीएल होम्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनुराग प्रताप राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज था



और वह वांछित चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, कंपनी के निदेशक पर आरोप है कि उन्होंने जमीन का वास्तविक रकबा कम होने के बावजूद शिकायतकर्ता को अधिक क्षेत्रफल की जमीन बेच दी। इस संबंध में थाना दनकौर में मुकदमा संख्या 261/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

16 नवंबर को पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम अमरपुर के पास बनी साइट से गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र करीब 46 वर्ष बताई गई है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को प्रशिक्षण, पात्र नागरिकों का नाम जोड़ना प्राथमिकता

जिलाधिकारी ने घर-घर सत्यापन और विशेष शिविर लगाने के दिए निर्देश, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित



ग्रेटर नोएडा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बीएलओ अपने आवंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें। विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों और पहली बार मतदाता बनने वाले पात्र नागरिकों के पंजीकरण पर ध्यान देने को कहा गया।

उन्होंने आरडब्ल्यूए, एओए, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। अभियान की प्रतिदिन समीक्षा और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

समयपूर्व जन्मे शिशुओं को विशेष देखभाल की जरूरत, जागरूकता से घट सकता है जोखिम

17 नवंबर विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस पर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नोएडा। गर्भावस्था के 37 सप्ताह पूरे होने से पहले जन्म लेने वाले बच्चों को समयपूर्व या प्री-मैच्योर शिशु कहा जाता है। ऐसे बच्चों के कई अंग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते, इसलिए उन्हें जन्म के बाद विशेष देखभाल की आवश्यकता हो सकती है। सांस लेने में परेशानी, कम वजन, संक्रमण और शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में कठिनाई जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

फेलिक्स हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया आहूजा ने विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस के अवसर पर बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श से कई जोखिमों को कम किया जा सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, संक्रमण, जुड़वां गर्भ और पहले समयपूर्व प्रसव का




इतिहास इसके प्रमुख जोखिम कारक हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर ऐसे बच्चों को नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में रखा जाता है। उनकी स्थिति के अनुसार ऑक्सीजन, विशेष इनक्यूबेटर और अन्य उपचार दिए जाते हैं। मां का दूध और कंगारू मदर केयर भी शिशु के लिए लाभकारी होते हैं। विशेषज्ञ ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन, नियमित जांच और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की अपील की।

ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो चेन स्नैचर गिरफ्तार, 25 हजार का इनामी बदमाश भी घायल

चोरी की मोटरसाइकिल, दो तमंचे और कारतूस बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान भाग रहे मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी



कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ पप्पू और मोनू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दीपू उर्फ पप्पू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के मुताबिक, 15 और 16 नवंबर की मध्यरात्रि ढकिया बाबा गोलचक्कर के पास चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि दोनों ने भागने का प्रयास किया। पीछा करने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सदरपुर से चोरी की गई एक अपाचे मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

रबूपुरा में हत्या के मामले में दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, दो अन्य गिरफ्तार

इस्माइल हत्याकांड में कार्रवाई, तमंचे और वारदात में इस्तेमाल सामान बरामद

ग्रेटर नोएडा। रबूपुरा थाना क्षेत्र में इस्माइल हत्याकांड के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है,



जबकि उनके दो अन्य साथियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में राजकुमार और सचिन के पैर में गोली लगी। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को पुरानी मिजार्पुर रोड से रुस्तमपुर जाने वाले मार्ग के टी-प्वाइंट पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से राजकुमार और सचिन को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया, जबकि कमल और हरेन्द्र उर्फ हतेन्द्र को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, दो मोटरसाइकिल, एक चाकू, लोहे की रॉड और चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि आठ नवंबर को आरोपी चोरी के इरादे से रबूपुरा क्षेत्र में नहर किनारे खेत में गए थे, जहां इस्माइल की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

वैश्विक निबंध प्रतियोगिता में टीएमयू के पांच विद्यार्थियों ने बनाई पहचान

तंजिला बासेर को द्वितीय पुरस्कार, चार अन्य विद्यार्थियों की प्रविष्टियों को भी मिली विशेष मान्यता

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के पांच विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन मोनोमौसुमी पब्लिकेशन्स की ओर से किया गया था, जिसमें दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जर्मनी, मैक्सिको, हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व सहित कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डेवलपमेंट की पहल के तहत विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा तंजिला बासेर ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। बीसीए प्रथम सेमेस्टर की सितवत जेहरा को फाइनलिस्ट-स्पेशल एंट्री के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं अंजलि, संदीप और जैनब अयूब के निबंधों को आउटस्टैंडिंग एंट्री के तहत विशेष मान्यता मिली।

विश्वविद्यालय के सीटीएलडी निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि में सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर शमीला फातिमा मिर्जा के मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की।

सेक्टर-45 की काशीराम कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत, मिल-जुलकर रहने का दिया संदेश

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-45 स्थित काशीराम कॉलोनी में 15 नवंबर को लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलोनीवासियों ने आपसी सहयोग से पार्क में पूजा स्थल तैयार किया और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अखंडानंद नगर प्रखंड के पालक श्यामवीर शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उनके साथ पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष अमर सिंह परिहार और सेक्टर-16 के प्रधान ब्रह्मपाल सिंह का भी स्वागत किया गया। श्यामवीर शर्मा ने सभी को छठ पर्व



की शुभकामनाएं देते हुए आपसी एकता, भाईचारे और मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। वे मंदिर में आयोजित शाम की आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुबोध झा सहित समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



सेक्टर-105 में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न

कम्युनिटी सेंटर में उमड़े श्रद्धालु, लोकगीतों और भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-105 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित छठ पूजा महापर्व सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ। आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी समिति और छठ पूजा समिति के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

15 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया, जबकि 16



नवंबर की सुबह पांच बजे से व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पारंपरिक छठ गीतों, भजनों और प्रसाद वितरण से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने व्रतियों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र के लोगों को एक परिवार की तरह जोड़ते हैं। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, छठ पूजा समिति के सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया।

स्पाइनल टीबी के उपचार पर सफदरजंग अस्पताल में विशेषज्ञों ने किया मंथन

संगोष्ठी में 125 प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा, जांच और उपचार के आधुनिक तरीकों पर चर्चा

समाज जागरण

नई दिल्ली। वर्धमान महावीर चिकित्सा महाविद्यालय और सफदरजंग अस्पताल के अस्थि रोग संस्थान की ओर से 13 नवंबर को रीढ़ की हड्डी के क्षय रोग यानी स्पाइनल टीबी के प्रबंधन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। दिल्ली अस्थि रोग संघ की पूर्व-सम्मेलन कार्यशाला के तहत आयोजित कार्यक्रम में 125 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता रानी शर्मा, महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. गीतिका खन्ना और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा ने किया। संगोष्ठी में स्पाइनल टीबी की पहचान, जांच, शल्य चिकित्सा और बिना ऑपरेशन उपचार के विकल्पों पर चर्चा हुई।

विशेषज्ञों ने उपचार के नवीन तरीकों, बायोप्सी, कल्चर, आधुनिक जांच तकनीकों और विभिन्न चिकित्सा विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर विचार साझा किए। चर्चा में उपचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देने वाले मरीजों के लिए छह महीने की क्षय रोग रोधी दवा चिकित्सा से जुड़े वर्ष 2026 के साक्ष्य-आधारित निष्कर्षों की जानकारी भी दी गई।

गुलिस्तानपुर के 113 किसानों को मिला छह फीसदी आबादी भूखंड

90 भूखंडों का ड्रॉ, 23 किसानों को सीधे आवंटन पत्र जारी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुलिस्तानपुर गांव के 113 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटित किए हैं। सोमवार को 90 समान



आकार के भूखंडों का ड्रॉ निकाला गया, जबकि अलग-अलग आकार के 23 भूखंडों के आवंटन पत्र किसानों को जारी कर दिए गए। लंबे समय से आवंटन का इंतजार कर रहे किसानों को इससे राहत मिली है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में आवंटन प्रक्रिया पूरी कराई गई। प्राधिकरण के अनुसार, गुलिस्तानपुर के किसानों की जमीन अधिग्रहित होने के बाद से छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटन का मामला लंबित था। आवंटित भूखंडों का आकार 130 से 650 वर्गमीटर तक है। ड्रॉ के दौरान प्राधिकरण के नियोजन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

यूथ मैराथन के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से करें कार्य: एसडीएम मोहित कुमार

- एसडीएम ने मैराथन रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समाज जागरण

कालांवाली 16 नवंबर (सुरेश जोरासिया) नशामुक्त हरियाणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को खेलों एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 22 नवंबर को कालांवाली में यूथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस राज्यस्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और मैराथन को अनाज मंडी/मार्केट कमेटी कार्यालय के नजदीक से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यूथ मैराथन की तैयारियों को लेकर एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने मैराथन के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने रूट पर प्रतिभागियों की सुविधा, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



एसडीएम मोहित कुमार ने कहा कि यूथ मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। इस आयोजन में युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों और आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैराथन रूट पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ मेडिकल सुविधा, पेयजल, टेंट, मंच, बिजली, लाइटिंग और साउंड सिस्टम सहित सभी जरूरी प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन करें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि मैराथन में भाग लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को असुविधा न हो। अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी समय रहते निर्धारित करने के निर्देश भी दिए गए।

ऑनलाइन करवा सकते हैं पंजीकरण

मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट https://kalanwalihalfmarathon.com/ पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। एसडीएम ने युवाओं, खिलाड़ियों और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लेने की अपील की, ताकि नशामुक्त हरियाणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

बालिका शिक्षा को नई दिशा देने के लिए सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन और प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के बीच हुआ एमओयू

---- सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने की पहल की सराहना, विधायक घनश्याम सर्राफ सहित महिला आयोग और महिला विकास निगम की पदाधिकारी रहीं मौजूद

--- श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव 'तिरुपति की प्रेरणा से हरियाणा में बालिका शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 16 नवंबर। शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्थान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव की प्रेरणा से बालिका शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी उद्देश्य से सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन, श्री ब्रह्मऋषि आश्रम, तिरुपति और प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की प्रतिभाशाली बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना और महिला सशक्तीकरण को नई मजबूती देना है। भिवानी में प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक खेल महाकुंभ-2026 के अवसर पर हुए इस समझौते को गुरुदेव की सेवा भावना और सामाजिक कल्याण की सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा के समान अवसर देना समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। आर्थिक अभाव के कारण कोई प्रतिभाशाली बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिए।

इस पहल को साकार करने में सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन सदस्य राममेहर शर्मा और प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार शर्मा के प्रयास महत्वपूर्ण रहे। वहीं फाउंडेशन प्रमुख सरला बोथरा ने दोनों संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने और इस सेवा संकल्प को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उनके साथ विनोद बोथरा भी उपस्थित रहे।



एमओयू के तहत हरियाणा के 850 से अधिक निजी विद्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली बालिकाओं की पहचान की जाएगी। प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रत्येक सहभागी विद्यालय में छात्राओं की कुल संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत तक पात्र बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा अथवा फीस में रियायत देने की व्यवस्था की जा सकेगी।

इसके साथ ही बेटियों को स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा और व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए करियर काउंसलिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, छात्रवृत्ति तथा चार्टर्ड अकाउंटेंसी और सिविल सेवा जैसे क्षेत्रों में मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन प्रमुख सरला बोथरा, सचिव हर्ष सरावगी और प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव की प्रेरणा से शुरू किया गया यह प्रयास जरूरतमंद बेटियों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने की दिशा में सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी की प्रतिभा आर्थिक अभाव के कारण दबनी नहीं चाहिए। उसे उचित शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वह अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकती है। कार्यक्रम में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, हरियाणा स्टेट कमीशन फॉर विमेन की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती मीना परमार तथा हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता डांगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके अलावा सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, सुरेश वर्मा, संजू, भिवानी शाखा के प्रधान विवेक चौधरी, सचिव सुधीर जैन, केशरी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन का मूल संकल्प 'शिक्षा, सेवा, साधना, विद्यालय, चिकित्सालय और देवालय' के माध्यम से समाज का सर्वांगीण कल्याण करना है। इस एमओयू के माध्यम से गुरुदेव की इसी प्रेरणा को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत और धार्मिक स्थलों से रूबरू हुए बीआरसीएम ज्ञानकुंज के विद्यार्थी

उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सांवलिया सेठ और सालासर बालाजी का किया भ्रमण; 77 विद्यार्थियों ने अनुभवात्मक शिक्षा के साथ जाना राजस्थान का गौरवशाली इतिहास

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 16 नवंबर। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के 77 विद्यार्थियों ने 12 से 15 नवंबर तक राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य श्री राजेश कुमार झांझरिया के आशीर्वाद तथा आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ ऐतिहासिक विरासत और भारतीय संस्कृति का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। शिक्षक धर्मेंद्र शास्त्री, श्रीमती निशा आर्या, युद्धवीर एवं शर्मिला कुमारी ने विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व किया। यात्रा का शुभारंभ 12 नवंबर की शाम बीआरसीएम मिशन परिसर से हुआ। अगले दिन सुबह उदयपुर पहुँचकर विद्यार्थियों ने सिटी पैलेस, गुलाब बाग और नवलखा महल वैक्स म्यूजियम का भ्रमण किया। सत्यार्थ प्रकाश न्यास में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन एवं विचारों की जानकारी प्राप्त की तथा महाराणा प्रताप के शौर्य पर आधारित टेलीफिल्म देखी। इसके बाद पिछोला झील में नौका विहार और मंशापूर्ण करणी माता मंदिर में दर्शन किए।भ्रमण के दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन करने के बाद यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल चित्तौड़गढ़ दुर्ग का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने विजय स्तंभ, कीर्ति स्तंभ, पद्मिनी महल, जौहर कुंड, गौमुख कुंड, सूरज पोल, मीरा बाई मंदिर, कुंभा श्याम मंदिर, समिधेश्वर मंदिर, काली माता मंदिर एवं जैन मंदिर सहित प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास, राजपूताना वीरता, त्याग और बलिदान की गाथाओं से रूबरू होने का अवसर मिला। 15 नवंबर की सुबह यात्रा के अंतिम पड़ाव सालासर में विद्यार्थियों ने सालासर बालाजी के दर्शन किए। इस दौरान हुई हल्की बारिश ने यात्रा के खुशनुमा माहौल को और यादगार बना दिया। शिक्षकों के कुशल प्रबंधन एवं सतर्कता के चलते सभी विद्यार्थी सुरक्षित बीआरसीएम मिशन परिसर लौटे।विद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य राजेश कुमार झांझरिया एवं उप प्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उनकी सफल एवं सुरक्षित यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



इनसे विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, सांस्कृतिक समझ, अनुशासन, आपसी सहयोग और अनुभव के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ जीवनभर याद रहने वाला अनुभव साबित हुई।

जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है, तो वह केवल रक्त की बूंदें नहीं देता, बल्कि किसी अनजान परिवार की खुशियों और एक अनमोल जीवन को बचाता है : एडीसी दीपक बाबूलाल करवा

- श्री राधिका धाम में 44 वें वार्षिक उत्सव पर विशाल रक्तदान शिविर संपन्न, 81 लोगों ने किया रक्तदान

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 16 नवंबर। श्रीकृष्ण प्रणामी जनकल्याण ट्रस्ट परमहंस पीठ श्री राधिका धाम भिवानी के 44 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को स्थानीय श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का बैज लगाकर उत्साहवर्धन किया। शिविर का आयोजन संत शिरोमणि हिंदू रत्न गुरु श्रीश्री 108 परमहंस डा. स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस शिविर में 81 लोगों ने रक्तदान किया। एम्स बाढ़सा की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिसकी कोई बराबरी नहीं है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है, तो वह केवल रक्त की बूंदें नहीं देता, बल्कि किसी अनजान परिवार की खुशियों और एक अनमोल जीवन को बचाता है। श्री कृष्ण प्रणामी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा धार्मिक उत्सव को समाज सेवा से जोडना समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है। संत शिरोमणि हिंदू रत्न डा. स्वामी सदानंद महाराज ने अपने संदेश में लोगों से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को पूरी तरह छोडड़े और निस्वार्थ भाव से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि एक स्वस्थ व्यक्ति के नियमित रक्तदान करने से शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ. मुरलीधर शास्त्री ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सदैव जनकल्याण और पीड़ित मानवता की सेवा करना रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को शास्त्रों में भी परोपकार और जीवन रक्षा को सबसे बड़ा धर्म बताया गया है। उन्होंने कहा कि परमहंस पीठ श्री राधिका धाम सदैव धर्म के साथ-साथ सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहा है। इस अवसर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व अशोक यादव ने भी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मोहन प्रिया आचार्य, नारायण स्वामी, जगत राज महाराज, राजदास, मुकुंद शरण, अनिल शास्त्री, अमित रावल वासिया , दिलीप मिश्रा, रमेश अग्रवाल, हनुमान तायल, रामफल, सुरेश गर्ग, दीनदयाल, ऋषि सिंगल, स्वामी नवराज प्रपंच हरिद्वार, गोपाल प्रणामी हरिद्वार, रविकांत, पवन तिवारी, राजेश, अग्रवाल मीणा महाराज, प्रकाश शर्मा, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, अशोक यादव, डा. सुखविंद्र दुहन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



महिलाओं के प्रति अमर्यादित भाषा के प्रयोग पर हरियाणा राज्य महिला आयोग सख्त, जारी की एडवाइजरी

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 16 नवंबर। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा उषा प्रियदर्शी ने कहा है कि समाज में महिलाओं का सम्मान बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ मयार्दा का भी पालन करना चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया, ऑनलाइन समाचार और डिजीटल मीडिया चैनलों पर महिलाओं के प्रति अभद्र, अपमान जनक और अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उषा प्रियदर्शी ने इस संबंध में एक आधिकारिक एडवाइजरी जारी करते हुए मीडिया संस्थानों, पत्रकारों, सोशल मीडिया संचालकों और आमजन से महिलाओं की गरिमा का सम्मान करने की अपील की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न राज्यों में संचालित कुछ डिजिटल चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिपोर्टिंग और चचाओं के दौरान महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग सामने आना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। महिलाओं के सम्मान, अस्मिता और अधिकारों के हनन के प्रति आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति है।

-आयोग की मुख्य अपील एवं निर्देश

महिलाओं के बारे में सदैव सभ्य, मर्यादित और सम्मानजनक भाषा का ही प्रयोग किया जाए। निजी जीवन पर टिप्पणी से बचाव: किसी भी महिला के चरित्र, गरिमा या निजी जीवन पर अनावश्यक टिप्पणी न की जाए। खबरों की रिपोर्टिंग और चर्चा के साथ-साथ समाचारों के शीर्षक, कैप्शन, थम्बनेल, तस्वीरों और वीडियो में भी महिलाओं की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। महिलाओं का अपमान करने वाली किसी भी सामग्री को साझा, प्रसारित या प्रोत्साहित करने से बचा जाए। सभी संवेदनशील मामलों में बेटियों और महिलाओं की तस्वीरें दिखाने से परहेज किया जाए।

ट्रैक्टर खरीद पर एससी किसानों को मिलेगा तीन लाख रुपये तक का अनुदान

- एससी वर्ग के किसान 15 दिसंबर तक करें आवेदन

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 16 नवंबर। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक के ट्रैक्टर की खरीद पर 50 प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान 15 दिसंबर तक एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर लाभार्थियों का चयन डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा ड्रॉ से किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि आवेदक हरियाणा का निवासी व एससी श्रेणी से होना चाहिए। साथ ही, किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण और स्वयं या परिवार पहचान पत्र के किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि होना अनिवार्य है, तथा उसने पिछले 5 वर्षों में ट्रैक्टर पर कोई अनुदान न लिया हो। चयन के बाद ऑनलाइन पात्रता प्रमाण पत्र जारी होगा, जिसके बाद किसान को अनुमोदित कंपनी से ट्रैक्टर खरीदकर 15 दिनों के भीतर बिल पोर्टल पर अपलोड करने होंगे और मूल प्रति कार्यालय में जमा करवानी होगी। ट्रैक्टर का भुगतान किसान को अपने बैंक खाते से ऑनलाइन ही करना होगा, नकद भुगतान मान्य नहीं होगा। भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान राशि सीधे किसान के खाते में भेजी जाएगी। लाभार्थी किसान 5 साल तक इस ट्रैक्टर को बेच नहीं सकेंगे, जिसके लिए उन्हें कार्यालय में शपथ पत्र देना होगा। अधिक जानकारी के लिए किसान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय या अपने गांव के कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

त्रिवेणी जोहड़ी में धूमधाम से मनाया गया 11वां छठ पूजा महोत्सव, पूर्वांचल की संस्कृति और परंपरा की दिखी झलक

महिला, पुरुषों और बच्चों ने सामूहिक रूप से की पूजा-अर्चना, पूर्वांचल सेवा समिति ने किया आयोजन

पहले अस्त हुए सूर्य देव को तो आज उगते सूरज को दिया अर्घ

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। स्थानीय त्रिवेणी जोहड़ी, बैंक कॉलोनी भिवानी में पूर्वांचल सेवा समिति की ओर से 11वां छठ पूजा महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वांचल की संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। महोत्सव में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह,भाजपा नेत्री सोनिया अत्री, नगर परिषद चेयरमैन भवानी प्रताप, हर्षदीप डूडेजा तथा भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, कांग्रेसी नेता अशोक बवानी वाला , मिट्ठू मास्टर, मन पटेल, पंकज गोयल, प्रभाकर, कुलदीप सोनी, संजय मास्टर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व पूर्वांचल सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने छठ पूजा की परंपराओं के अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल बना रहा।



कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष अभिषेक मनी त्रिपाठी व सर्वजीत पटेल ने बताया कि पूर्वांचल सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल के लोगों की आस्था का प्रमुख पर्व है, जिसे परिवार और समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। उन्होंने बताया कि इस वार्षिक आयोजन में महिला, पुरुष और बच्चे एक साथ एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करते हैं।

यह पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और पारिवारिक संस्कारों को भी मजबूत करता है। महोत्सव के माध्यम से भिवानी में रह रहे पूर्वांचल समाज के लोगों ने अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को जीवंत रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी ऐसे आयोजनों को सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने वाला बताया।

टाटा समूह के भीतर विवाद गहराया, जिमी टाटा ने जवाबदेही और पारदर्शिता पर दिया जोर

टाटा ट्रस्ट्स के सबसे वरिष्ठ ट्रस्टी और पूर्व चेयरमैन रतन टाटा के छोटे भाई जिमी एन. टाटा ने पहली बार समूह के भीतर चल रहे विवाद पर अपनी बात रखी है। 86 वर्षीय जिमी पुणे के एक साधारण से अपार्टमेंट में रहते हैं और उन्हें अक्सर एकांतप्रिय व्यक्ति माना जाता है। उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन को दी गई अस्वाभाविक और तानाशाही पूर्ण वीटो शक्तियों पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि टाटा ट्रस्ट्स, टाटा संस में सबसे बड़ा शेयरधारक है और इसकी हिस्सेदारी 66 फीसदी है। जिमी के पास टाटा संस में लगभग 0.81 फीसदी हिस्सेदारी है और उन्होंने टाटा संस की प्रस्तावित स्टॉक एक्सचेंज लिस्टिंग का समर्थन किया है। टाटा संस इस समय की सबसे बड़ी कॉरपोरेट लड़ाई के केंद्र में है। हाल ही में टाटा ट्रस्ट्स के उपाध्यक्ष विजय सिंह के साथ बातचीत के बाद जिमी ने एक हस्ताक्षरित बयान में कहा है कि लिस्टिंग से गोपनीयता की व्यापक संस्कृति खत्म होगी, कानूनी जवाबदेही तय होगी और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) को फिर से लिखने की जरूरत पड़ेगी। इससे 1989 से पहले की स्थिति बहाल हो सकेगी, जिसमें कारोबारी परिचालन और वेलफेयर ट्रस्ट अलग-अलग हुआ करते थे। बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा देखे गए इस बयान में जिमी ने टाटा संस की लिस्टिंग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और टाटा संस बोर्ड में नामांकित निदेशक नोएल टाटा ने शनिवार को एक मीडिया कार्यक्रम में टाटा संस की लिस्टिंग के खिलाफ अपना विरोध फिर से दोहराया। टाटा संस में 1 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले नोएल ने कहा, लिस्टिंग से टाटा का काम करने का तरीका बदल जाएगा, जिससे परोपकार के बजाय मुनाफे को प्राथमिकता दी जाने लगेगी। समूह में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, जिमी ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार टाटा संस की लिस्टिंग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह बताते हुए कि पहले रतन टाटा के समय जब टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सार्वजनिक किया गया था, तब टाटा संस को बहुत बड़ा फायदा हुआ था। जिमी ने कहा कि आरबीआई की लिस्टिंग शर्तों से बचने के लिए टाटा संस को छोटी इकाइयों में बांटने का नोएल टाटा का कोई भी प्रस्ताव या कदम बेहद नुकसानदेह है। यह जनहित और शेयरधारकों के हितों के खिलाफ है और इसे केवल गोपनीयता बनाए रखने, जांच से बचने और अपनी बेलगाम व्यक्तिगत शक्ति को कायम रखने के लिए किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि आरबीआई को बिना किसी देरी के लिस्टिंग के लिए सख्त समय-सीमा लागू करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समूह को तोड़ने की अनुमति न दी जाए। इसके अलावा, उन्होंने भारत के लोगों के लिए ट्रस्टों के मूल मकसदों की रक्षा करने के लिए सरकार और महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर से हस्तक्षेप करने की मांग की।

मंदिर व ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

मंडावर। शिव मंदिर व ट्रेक्टर से बैटरी चोरी करने वाले एक आरोपि को पुलिस नें चोरी की गई बैटरीयो के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार की रात चोर गाँव मार्कण्डेयपुरम मे स्थित शिव मंदिर व गुरुवार की रात गाँव दयालवाला निवासी बिजेंद्र सिंह के ट्रेक्टर से बैटरी चोरी कर ले गए थे। जिस संबंध शनिवार को गाँव मार्कण्डेयपुरम निवासी जगवीर सिंह व दयालवाला निवासी बिजेंद्र नें अज्ञात



चोरो के खिलाफ थाने मे बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थीं।पुलिस नें बालावाली पुल से हरिद्वार के थाना लक्सर के गाँव महाराजपुर निवासी शिवम ऊर्फ शिवा को चोरी की गई दोनों बैटरी व घटना मे इस्तेमाल की गई एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।वही उसने पुलिस को बताया की वह गाँव निवासी सुनील के साथ मिलकर चोरी की घटनाओ को अंजाम देता था। बालावाली चौकी इंचार्ज आदेश कुमार नें बताया की आरोपि को कोर्ट मे पेश किया गया था।जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपि सुनील को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सांसद चौ. धर्मबीर सिंह आज ढिगावा जाटान गौशाला के वार्षिक उत्सव में होंगे मुख्य अतिथि

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी/ढिगावा, 16 नवंबर। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मंगलवार, 17 नवंबर को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे भिवानी और महेंद्रगढ़ जिलों के विभिन्न गांवों में आयोजित सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और क्षेत्रवासियों से रूबरू होंगे। इस दौरान वे जिले के लोहारू उपमंडल के गांव ढिगावा जाटान पहुंचेंगे। वे सुबह 11.15 बजे यहां स्थित गौशाला के वार्षिक उत्सव व मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

नगर आयुक्त ने दिया साफ-सफाई रखने के निर्देश

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी । लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस क्रम में सोमवार नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने सुबह में शहर के प्रमुख घाटों नमो घाट, राजघाट एवं भैंसासुर घाट का संबंधित



अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी घाटों पर नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि घाटों व उनके आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी कूड़ा-करकट, गंदगी या जलभराव की स्थिति बिल्कुल न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाए और लगातार सफाई अभियान चलाया जाए। नगर आयुक्त ने बल देते हुए कहा कि कूड़े का तत्काल उठान और निस्तारण कराया जाए, जिससे घाटों पर आने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि महापर्व के समापन तक सभी घाटों पर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखी जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर रहकर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाए रखे। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह, मुख्य अभियंता सिविल सुरेश चंद्र, जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता कमल सिंह सहित संबंधित जोनल स्वच्छता अधिकारी और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न

समाज जागरण

वाराणसी। क्षेत्र के वरुणा नदी के घाट पर छठी मैया की पूजा को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा के तहत भक्त सूर्योदय



से पहले ही घाट पहुंच गए हैं।

घाट की सीढ़ियां साड़ियों और धोतियों से पट गई हैं। महिलाएं सिर पर सूप लिए खड़ी हैं, जिनमें ठेकुआ, फल, गन्ना और दूध सजा है। पुरुष दीप जलाकर अर्घ्य की तैयारी कर रहे हैं।नदी का पानी शांत है, लेकिन घाट पर भक्ति का माहौल गहरा है। लोग कतार में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दे रहे हैं। कोई मंत्र पढ़ रहा है तो कोई चुपचाप प्रार्थना कर रहा है। छठी मैया और सूर्य देव की आराधना की यह सदियों पुरानी परंपरा आज भी पूरी आस्था के साथ जारी है।वही क्षेत्र के देहलीविनायक ,खेवली, जंसा, चौखंडी,खरगूपुर सहित तालाब के किनारे महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिन तक चलने वाली छठ महापर्व का समापन किया। रामेश्वर वरुणा घाट पर साफ सफाई के साथ साथ प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त दिखाई दिया।

पीएम आवास योजना के नाम पर युवक से ठगी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर गांव निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। जालसाजों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर उसके मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर बैंक खाते से 15 हजार रुपये निकाल लिए। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने साइबर हेल्पलाइन और बैंक को सूचना देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

जानकारी के अनुसार, परमपुर निवासी विनोद राजभर के मोबाइल पर अज्ञात जालसाजों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी देने के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी। बताया जाता है कि फाइल डाउनलोड करने के बाद साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल को निशाना बनाया और बैंक खाते से 15 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर खाते से रकम कटने का संदेश आने के बाद विनोद को साइबर ठगी की जानकारी हुई।

पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर घटना की शिकायत दर्ज कराई। साथ ही अपने बैंक के कस्टमर केयर पर फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी और खाते से निकाली गई रकम को रोकने तथा वापस कराने की मांग की। साथ उन्होंने बताया कि उनके अन्य साथियों का भी कई बार में रुपए निकाल रहे हैं।

केसरा देवी बनीं पहली धान विक्रेता किसान

पिंडरा तहसील मे अधिकांश केन्द्रो पर खरीद प्रारंभ।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।धान क्रय केन्द्र पर अब धीरे धीरे धान की आवक शुरू हो गई है।शासन द्वारा धान का क्रय मूल्य 2441 रूपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। सोमवार को फूलपुर बीपैक्स पर फूलपुर ग्राम पंचायत की केसरा देवी धान बेचने वाली पहली किसान बनीं।



अपर जिला सहकारी अधिकारी पिंडरा विजय कुमार की उपस्थिति में सचिव इन्दुप्रताप सिंह तथा एडीओ प्रियंका मिश्र ने माल्यार्पण करके अन्नदाता का स्वागत किया।केसरा देवी के 32 कुंटल धान की तौल कराई गयी।

क्रय प्रभारी तथा सचिव इंदुप्रताप सिंह गुड्डू ने बताया कि धान खरीद का पैसा किसान के खाते में एनपीसीआई के माध्यम से 48 घंटे के अंदर भुगतान होगा।एडीसीओ पिंडरा विजय कुमार ने बताया गया कि आज पिंडरा तहसील के अधिसंख्य केन्द्रो पर खरीद शुरू हो चुकी है।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी केन्द्रो पर किसानो के लिए छाया व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान बंधु शासन की इस योजना का लाभ उठायें और अपना धान क्रय केंद्र पर बेचकर लाभकारी मूल्य प्राप्त करें।

भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ सम्पन्न

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। धर्म एवं आध्यात्म की नगरी काशी के हरहुआ क्षेत्र में आज सोमवार की सुबह चार दिवसीय छठ महापर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न अमृत सरोवरों, तालाबो व नदी किनारे भोर से ही व्रती महिलाओं, पुरुषों और युवक-युवतियों ,बच्चों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा के पवित्र जल में खड़े होकर उदीयमान सूर्य देव भगवान भास्कर को विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता, संतान की दीर्घायु और खुशहाली की कामना की।

वरुणा घाट, अनौरा वरुणा घाट, अमृतसरोवर ,औरा , मुर्दहा ,गोकुलपुर राजकीय नलकूप आयर, चक्का, करोमा ,काजीसराय ,हरहुआ ,भेलखा ,उदयपुर ,रामेश्वर सहित



विभिन्न घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीतों और सूर्य उपासना के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी व्रती महिलाएं पूजा की डलिया, सूप और फल-प्रसाद लेकर घाटों पर पहुंचीं। प्रसाद में ठेकुआ, केला, नारियल, गन्ना और मौसमी फलों सहित अन्य पारंपरिक सामग्री शामिल रही।

सूर्य की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने कठिन निर्जला व्रत का पारण किया। वरुणा नदी रामेश्वर नए व पुराने घाट पर प्रधान घनश्याम यादव,डॉ0 रामप्रसाद द्वारा व्यवस्था की गई थी।

हरहुआ ब्लाक के प्रधानों ने अपने-अपने गाँव मे साफ -सफाई ,प्रकाश सहित अन्य व्यवस्था कर श्रद्धालुओं की सेवा ,सेवा भावना के साथ किया।

सुरक्षा की कमान रामेश्वर में एस0ओ0 जनसा सत्यजीत सिंह ,चौकी प्रभारी आदित्य सेन सिंह मय पुलिस लगी रही। सम्बंधित थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती रही।

छठ महापर्व पर सूप परिक्रमा में शामिल हुए मौर्यवंशी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। लोक आस्था,श्रद्धा और समर्पण के महापर्व छठ पूजा के चौथे दिन उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के पावन अवसर पर छठ व्रतियों ने सूप परिक्रमा की धार्मिक परंपरा का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ निर्वहन किया। छठ पूजा की यह पावन परंपरा छठी मैया एवं सूर्यदेव के प्रति अटूट आस्था,विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इसी शुभ अवसर पर मुरारी चौक के समीप स्थित शिवाजी नगर कॉलोनी में प्रिय मित्र कृष्ण मोहन सिंह के परिवार द्वारा आयोजित छठ पूजा में पूर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि



अमित मौर्यवंशी शामिल हुए। उन्होंने कृष्ण मोहन सिंह की माता श्रीमती सारिका सिंह एवं बुआ श्रीमती बीना सिंह के साथ सूप परिक्रमा की पावन परंपरा में सहभागिता की। इस अवसर पर कृष्ण मोहन सिंह,सुप्रिया सिंह,शकुंतला देवी,आशीष सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने छठी मैया एवं सूर्यदेव से परिवार और समाज के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण इस आयोजन में छठ महापर्व की धार्मिक परंपरा और पारिवारिक एकजुटता की सुंदर झलक देखने को मिली।

चकखरावन नटवा में धान खरीद कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं किसानों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण शिव तिवारी

बड़ागांव वाराणसी (वाराणसी)। चकखरावन नटवा में आज आयोजित धान खरीद कार्यक्रम के दौरान धान खरीद से जुड़े अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किसानों की सहभागिता और अधिकारियों के योगदान की सराहना की गई।

इस अवसर पर गोदाम प्रभारी वीरेंद्र सिंह, कॉपरेटिव अध्यक्ष एवं सभापति राजवली पटेल, ग्राम प्रधान चकखरावन रविंद्र पटेल की प्रमुख उपस्थिति रही। वहीं किसान अनुज कुमार सिंह (देवचंदपुर), फखरुद्दीन एवं अशोक कुमार सिंह (लखापुर)



सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को धान खरीद व्यवस्था के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उनका सम्मान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किसानों के हितों को प्राथमिकता देने और धान खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने की बात कही।

कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और किसानों के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय का संदेश भी दिया गया।

संवाद, संवेदना और विश्वास के 50 सप्ताह: राजधानी के 1090 चौराहे पर सजी योगी की पाती की विकास यात्रा

समाज जागरण

लखनऊ, 16 नवंबर। सत्ता और जनता के बीच संवाद केवल सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास, संवेदना और आत्मीय जुड़ाव का माध्यम भी बनता है। इसी सोच को साकार करती मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साप्ताहिक पहल योगी की पाती ने अपने 50 सप्ताह पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर सोमवार को राजधानी के 1090 चौराहे पर विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से प्रदर्शनी का उद्घाटन कर इस संवाद यात्रा को जनसहभागिता के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में प्रदर्शित किया।

ओडीओपी और ओडीओसी से दिखी प्रदेश की सांस्कृतिक-आर्थिक पहचान

प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) और ह्यएक जनपद-एक व्यंजनह्ल (ओडीओसी) के विशेष स्टॉल रहे। इन स्टॉलों पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के पारंपरिक उत्पादों, हस्तशिल्प और स्थानीय खानपान की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया गया। इन पहलों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विशिष्ट पहचान, स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों की प्रतिभा तथा पारंपरिक व्यंजनों की विविधता को एक मंच मिला।

यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को नई पहचान देने, पारंपरिक हुनर को प्रोत्साहित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के प्रदेश सरकार के प्रयासों को भी प्रदर्शित करता है। ओडीओपी और ओडीओसी के माध्यम से लोकल को ग्लोबल पहचान दिलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की झलक भी प्रदर्शनी में देखने को मिली।

युवाओं से संवाद, प्रतियोगिताओं के माध्यम से जनभागीदारी

कार्यक्रम में रंग दे बसंती, उत्तर प्रदेश की टीम ने युवाओं के साथ संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्हें प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और युवा हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इनमें विजयी प्रतिभागियों को ओडीओपी योजना के उत्पाद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए।

इस पहल के जरिए युवाओं को केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उद्यमिता और विकास की संभावनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। खास बात यह रही कि प्रतियोगिताओं और संवाद के माध्यम से कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं युवा हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं से निरंतर जुड़ाव बनाए रखना चाहिए, क्योंकि हमारी समृद्ध मातृ संस्कृति ही हमारी विशिष्ट पहचान है। प्रदेश सरकार अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों पर गर्व करने और प्रदेश की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेशक विशाल सिंह, उप निदेशक अनुराग प्रसाद, उप निदेशक आत्रेय मिश्र, सहायक निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह, सहायक निदेशक सतीश भारती, सहायक निदेशक चन्द्र विजय वर्मा एवं परशुराम मौर्य उपस्थित रहे। वहीं, रंग दे बसंती टीम की ओर से विश्वदीप शुक्ल, अविका सिंह, चंद्र भूषण बारोड़, नक्षत्र शर्मा, उत्कर्ष चौहान एवं अंबुज राय ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने छह विकास कार्यों का किया शिलान्यास

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में छह विकास कार्यों का शिलान्यास किया।



इस दौरान कर्दमेश्वर मंडल कंदवा में पंचकोसी मार्ग से श्रीराम प्रजापति के घर तक 35.89 लाख की लागत से 375 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग, रोहनिया मंडल के अमरा खैरा चक में पंचकोसी मार्ग से सत्यम नगर कॉलोनी में रत्नाकर सिंह के घर तक 17.13 लाख की लागत से 137 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग तथा सुल्तानकेश्वर मंडल के खनाव में भुआलपुर खनाव से विभूति नारायण के घर तक 16.85 लाख की लागत से 225 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराया जाएगा।

इसी क्रम में रोहनिया मंडल के पंडितपुर में एजीआरएस के पास से मुसहर बस्ती तक 17.47 लाख की लागत से 349 मीटर, मण्डुआडीह में गोपाल गुप्ता के मकान से दिलीप पटेल के मकान तक 11.99 लाख की लागत से 166 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। वहीं कंदवा मंडल के कंचनपुर में लगभग 13 लाख की लागत से एक पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

इन छह विकास कार्यों पर कुल लगभग 1 करोड़ 12.33 लाख की धनराशि खर्च की जाएगी। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनकल्याण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। रोहनिया विधानसभा सहित पूरे वाराणसी में सड़क, पुलिया एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। विकास कार्यों के माध्यम से गांव-गांव तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाकर क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा दी जा रही है।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति , मंडल महामंत्री राज बहादुर राजभर गौरव सिंह पटेल, श्याम सुंदर विश्वकर्मा दीपक विश्वकर्मा , केशव यादव , बिपिन चंद्र पाल , बृजेश राजभर , राकेश राजभर , अंकित जायसवाल, गोपाल पटेल , राजेश कनौजिया , जयप्रकाश पटेल , रमन पाठक, जिला उपाध्यक्ष मिलन मौर्य , राजू प्रजापति ,अजय विश्वकर्मा, रामचंद्र गौतम , सोहन राजभर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत औरां व मुर्दहा के अमृत सरोवर पर प्रातः काल सूर्य देवता को अर्घ्य देकर किया पारण, बांटी प्रसाद।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। सुसज्जित प्रकाश, साफ सफाई ,सीसीटीवी कैमरे से युक्त अमृत सरोवर औरां पर डीजे व अन्य गाजे -बाजे मंगलगीत के साथ आयर, बेनीपुर, अजोरपट्टी, कुरौली गांव की महिलाओं एवं परिवारजनों समेत हजारों की संख्या में छठी मैया की पूजा अर्चना व उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारण किया।

अमृत सरोवर पर छठी मैया की पूजा करने के लिए नवागत बीडीओ सुश्री अनामिका सिंह पहुंची और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पारण करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान ब्रह्मा की मानस पुत्री व सूर्यदेव की बहन षष्ठी माता जो प्रकृति की अधिष्ठात्री देवी के संदर्भ में लघु कथा सुनाया। इसके बाद व्रती महिलाओं ने प्रसाद वितरित किया।

आकर्षक सजावट से सुसज्जित मुर्दहा अमृत सरोवर पर प्रधान रविन्द्र यादव के अयोजकत्व में बेनीपुर



,सुतबलपुर ,गहनी व पयागपुर के हजारों महिलाओं -पुरुषों ,युवक-युवतियो ,बच्चों की भारी भीड़ उमड़कर पूजन किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान विद्योत्मा देवी, प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार, चौकी इंचार्ज संध्या जायसवाल, चौकी इंचार्ज वीरेंद्र प्रताप शाही, हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र यादव,प्रमोद चौबे ,अमित सिंह, संतोष पांडेय ,विनोद पांडेय ,रामबचन यादव, अभिनव ,प्रांजल ,राजेन्द्र चौबे, दिनेश यादव , राजकुमार ,शिवम ,प्रवीण सिंह ,जगदीश पांडेय, जितेंद्र पांडेय, प्रमोद पांडेय कल्लू राजभर,, नीरज पांडेय, गणेश सिंह ,भोला सिंह , दिनेश गुप्ता, रामबृक्ष पटेल, चतुर्भुज पांडेय ,अंजनी यादव, ओम नारायण यादव,अशोक पटेल ,विनोद राजभर, विजेंद्र कुमार,अर्जुन राजभर, असीम सिंह ,धर्मदेव शर्मा, श्यामजीत यादव, मोहित ,देवेश, धर्मदेव शर्मा, रवि कुमार, गोलू सिंह ,गोविंद अग्रहरि, स्वयंसेवक समेत सहित गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। शांतिपूर्ण माहौल में भक्तिमय वातावरण के साथ छत ब्रत पूर्ण हुआ।

देवचंदपुर में धूमधाम से मनाया गया छठी मैया का पर्व, श्रद्धा और भक्ति के साथ हुई पूजा-अर्चना

समाज जागरण शिव तिवारी

बड़ागांव वाराणसी देवचंदपुर (वाराणसी)। देवचंदपुर गांव में छठी मैया का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पूजा के दौरान भक्ति और आस्था का अनूठा



संगम देखने को मिला। महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर पर्व में हिस्सा लिया।

पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। छठी मैया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता के साथ इस पर्व को मनाया।

हत्या के मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए मंत्री ने दिए निर्देश

समाज जागरण

मिर्जापुर। राजगढ़ क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी स्वर्गीय अजय कुमार सिंह के घर आज कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

परिजनों ने हत्या के मुख्य अभियुक्त की अब तक गिरफ्तारी न होने पर निराशा जताई। इस पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जिले की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक से फोन पर वार्ता की और मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में भी जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि फरार अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

वहीं, ग्रामीणों ने राजगढ़ क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही मादक पदार्थों की बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है और कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इस पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल



ने पुलिस अधीक्षक से राजगढ़ और चुनार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने राजगढ़ थाना प्रभारी बालमुकुंद को भी निर्देश दिया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर मादक पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बचाना और क्षेत्र को नशामुक्त बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

मंत्री ने पीड़ित परिवार से कहा कि हत्या के मामले में पुलिस की ओर से होने वाली प्रत्येक कार्रवाई की जानकारी उन्हें भी दें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनसे सीधे संपर्क करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन को नशामुक्ति अभियान में तेजी लाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मोनू सिंह, रिशु सिंह, मणि सिंह, किसान इंटर कॉलेज राजगढ़ के प्रबंधक जयप्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, ग्राम प्रधान नदीहार रविशंकर सिंह, ग्राम प्रधान देवपुरा पंकज सिंह, दुखरन सिंह, सुनील कुमार सिंह एवं रमेश सिंह पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बिरसा मुंडा के बलिदान को देश सदैव याद रखेगा : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

ब्यौहारी में जनजातीय गौरव सप्ताह का राज्य स्तरीय आयोजन, 357.71 करोड़ रुपये के 81 विकास कार्यों की दी सौगात

समाज जागरण

शहडोल, 16 नवंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महान क्रांतिकारी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया तथा देश और समाज के लिए अपना बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में उनकी जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पूर्ववर्ती सरकारों ने जनजातीय महापुरुषों के योगदान को उचित सम्मान नहीं दिया। मुख्यमंत्री ब्यौहारी में आयोजित जनजातीय गौरव सप्ताह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण एवं पारंपरिक विधि-विधान से पूजन कर किया। उन्होंने जनजातीय संस्कृति, परंपरा, जीवनशैली और



वीरता को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से कोल समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहडोल जिले को 357.71 करोड़ रुपये के 82 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 8.64 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण 10 कार्यों का लोकार्पण तथा 349.07 करोड़ रुपये के 72 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के 10 हित ग्राहियों को चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित कर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कटनी से सिंगरौली तक फोरलेन सड़क, ब्यौहारी में 18 किलोमीटर सड़क निर्माण, हनुमान मंदिर तक सड़क, डिजिटल लाइब्रेरी, आधुनिक ऑडिटोरियम और संजय टाइगर रिजर्व के लिए नए प्रवेश द्वार की घोषणा की। उन्होंने शहडोल में औद्योगिक पार्क स्थापित करने तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय गौरव सप्ताह के दौरान प्रदेश में लगभग डेढ़ हजार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नक्सलवाद के खात्मे, जनजातीय क्षेत्रों के विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और रोजगार सृजन को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक शरद कोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

डिजिटलाइजेशन की मार: कागजों में सरकारी बनी आदिवासी परिवार की पैतृक जमीन, न्याय के लिए दर-दर भटक रहा पीड़ित परिवार

समाज जागरण

शहडोल।एक ओर जहां जिले के ब्यौहारी में आदिवासी गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है और प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव स्वयं इस कार्यक्रम में शिरकत कर आदिवासियों के उत्थान और अधिकारों के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, वहीं धरातल पर जिला प्रशासन की संवेदनहीनता इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। मामला शहडोल जिला मुख्यालय का है, जहां प्रशासनिक उदासीनता और लालफीताशाही के चलते एक गरीब आदिवासी परिवार आज भी अपनी ही पैतृक जमीन का हक पाने के लिए कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है।

क्या है पूरा मामला?

यह पूरा मामला तहसील बुढ़ार के अंतर्गत ग्राम कुदरी स्थित खसरा नंबर 201 की पैतृक भूमि से जुड़ा है। वर्ष 2009-10 में पिता स्व. सहदेव सिंह



की मृत्यु के पश्चात वारिसाना नामांतरण प्रक्रिया के तहत यह भूमि पूरी तरह परिवार के नाम दर्ज हुई थी और डिजिटल प्रविष्टि से पहले के मूल हस्तलिखित खसरे में भी इन्हीं का नाम दर्ज था। लेकिन, राजस्व विभाग द्वारा जब हस्तलिखित खसरों का कंप्यूटरीकरण किया गया, तो डेटा एंट्री करने वाले लापरवाह कर्मचारियों की गलती के कारण खसरे के कॉलम में मध्य प्रदेश शासन दर्ज कर दिया गया। एक झटके में एक जीवित और काबिज आदिवासी परिवार की पुश्तैनी जमीन को कागजों में सरकारी घोषित कर दिया गया।

जांच में सही मिला कब्जा, फिर भी महीनों अटकी फाइल

जब पीड़ित परिवार को इस लिपकीय गड़बड़ी का पता चला, तो उन्होंने अभिलेख दुरुस्ती के लिए गुहार लगाई। मैदानी जांच के दौरान नायब तहसीलदार वृत्त खैरहा और स्थानीय पंचों की रिपोर्ट में यह बात पूरी तरह शीशे की तरह साफ हो चुकी थी कि जमीन पर लगातार आदिवासी परिवार का ही कब्जा है। मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता के नियमानुसार 5 वर्ष से पुरानी त्रुटि में सुधार हेतु कलेक्टर शहडोल की लिखित अनुमति अनिवार्य होने के कारण, अनुविभागीय अधिकारी (सोहागपुर) द्वारा फाइल अनुमति के लिए कलेक्टर कार्यालय भेजी गई थी।

लेकिन, विभागीय जांच रिपोर्ट और जमीनी हकीकत स्पष्ट होने के बावजूद कलेक्टर कार्यालय शहडोल में इस फाइल को महीनों तक दबाकर रखा गया। हालांकि, लंबी खींचतान के बाद अब सोहागपुर एसडीएम द्वारा रिकॉर्ड सुधार के अंतिम आदेश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन इस पूरी घटना ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रशासन के दावों और हकीकत में बड़ा फर्क

इस मामले ने यह साबित कर दिया है कि लोक सेवा गारंटी और पारदर्शी शासन के दावे केवल कागजों तक ही सीमित हैं। लिपिकीय और तकनीकी गलतियों का खामियाजा आम और गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

एक तरफ शासन आदिवासियों के सम्मान में बड़े-बड़े उत्सव मना रहा है, तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अमले की सुस्ती और संवेदनहीनता के कारण आदिवासी परिवारों को न्याय के लिए महीनों सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इस मामले में जब पूर्व में खबर प्रकाशित की गई थी, तब भी कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों और स्वयं जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया। क्या आदिवासियों के नाम पर आयोजित होने वाले ये बड़े-बड़े कार्यक्रम महज एक दिखावा बनकर रह गए हैं? यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब जिला प्रशासन देने से बचता नजर आ रहा है।

जमुतरिहा परिवार की बेटी डॉ. नंदिता राठौर ने FMGE परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता

रूस से MBBS की पढ़ाई पूरी कर विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा में 300 में से 166 अंक किए प्राप्त, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर

समाज जागरण विजय तिवारी

गौरेला। क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि जमुतरिहा परिवार की होनहार बेटी डॉ. नंदिता राठौर ने FMGE अक्टूबर 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. नंदिता राठौर ने रूस के प्रतिष्ठित North Ossetian State Medical Academy से MBBS की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने FMGE (Foreign Medical Graduate Examination) परीक्षा में शामिल होकर 300 में से 166



अंक प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभ चिंतकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। डॉ. नंदिता की यह सफलता उनकी वर्षों की मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के बाद FMGE जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता हासिल करना उनकी प्रतिभा और परिश्रम को दर्शाता है। डॉ. नंदिता की इस उपलब्धि पर परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने आशा व्यक्त की है कि वह भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी और अपनी सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करते हुए समाज एवं देश का नाम रोशन करेंगी। डॉक्टर नंदिता जीपीएम जिले के साधवानी निवासी लखन राठौर की पोती एवं नारायण राठौर एवं साधना राठौर की सुपुत्री है। इनकी बड़े पिता विजय राठौर कृषक है बेटी की इस गौरवपूर्ण सफलता ने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व करने का अवसर दिया है।

हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच व्रतियों ने दिया डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य

समाज जागरण

डूमरकछार/पौराधार- लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा निकाय क्षेत्र में अत्यंत श्रद्धा,भक्ति और हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो हुआ,डूबते और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रतियों ने अपने कठिन निर्जला व्रत का पारण किया। महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निकाय के द्वारा की गयी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत फूलसाय दफाई स्थित



स्टॉप डैम, पुलिया दफाई पौराधार, लोहा पुल के समीप पौराधार, मुख्य दुर्गा पूजा परिसर पौराधार,झीमर शिव मंदिर के स्थित छठ घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नगर परिषद द्वारा इन सभी घाटों पर की गयी गहन साफ-सफाई, महिला व्रतियों की सुविधा के लिए बनाए गए अस्थायी चेंजिंग रूम (वस्त्र बदलने के कक्ष), गहरे पानी वाले स्थानों पर लगाए गए सुरक्षा घेरे, सुगम पहुंच मार्गों की मरम्मत,घाट का रंग रोगन,दूधिया रोशनी (लाइटिंग) की पुख्ता व्यवस्थाओं से व्रतियों और श्रद्धालुओं को बड़ी सहूलियत मिली।

संपूर्ण आयोजन के दौरान निकाय अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर निगरानी में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहीं। पर्व को सफल बनाने में सभापति रवि सिंह, जितेन्द्र चौहान एवं जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता निभायी।

इसके साथ ही नगर परिषद के स्वच्छता विभाग,विद्युत विभाग,नल-जल एवं अन्य संबंधित शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिससे यह महापर्व सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

निकाय के अध्यक्ष श्री चौरसिया ने अपने जनप्रतिनिधियों की टीम और कार्मिक टीम के साथ छठ महापर्व के पूर्व लगातार सभी छठ घाटों का दौरा कर आवश्यक कमियों को दूर करने के लिए जहां एक ओर आवश्यक निर्देश दिए ताकि सभी छठ घाटों में अच्छी से अच्छी बेहतर व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए हो सके इसके लिए निरंतर कार्य करते हुए अच्छे तरीके से छठ महापर्व को संपन्न कराया गया, साथ ही समस्त छठ घाटों का निकाय के अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों, कार्मिक साथियों के साथ सभी छठ घाटों का छठ पूजा के दिन दौरा भी किया।

छठ महापर्व में इस वर्ष निकाय क्षेत्र में विशेष बात यह रही की सभी घाटों का सौन्द्रीयकरण एवं घाटों की नवनिर्माण भी कराए गए थे और साथ ही स्वच्छता एवं सुंदरता को बनाए रखने के लिए नए-नए थीम का उपयोग छठ घाट पर किया गया था,जिसकी पूरे नगर क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

बिजुरी में रातभर दौड़ रहीं अवैध रेत से लदी गाड़ियां, आखिर किसके संरक्षण में चल रहा कारोबार?

पुलिस और खनिज विभाग की निगरानी पर उठे सवाल, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति के आरोप; स्थानीय लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से प्रभावी कार्रवाई की उठाई मांग।

समाज जागरण विजय तिवारी

अनूपपुर। जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन का मामला एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि क्षेत्र में रात के अंधेरे में रेत से लदी गाड़ियां लगातार दौड़ रही हैं और इस पर जिम्मेदार विभागों का प्रभावी अंकुश नजर नहीं आ रहा है। रातभर जारी इस गतिविधि ने पुलिस और खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध रेत परिवहन का सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यदि क्षेत्र में लगातार रेत का अवैध परिवहन हो रहा है, तो आखिर जिम्मेदार विभागों की नजर इन वाहनों पर क्यों नहीं पड़ रही? रात के अंधेरे में बेखौफ दौड़ रहे इन वाहनों के पीछे किन लोगों का हाथ है और आखिर किसके संरक्षण में यह कारोबार संचालित हो रहा है? सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस और खनिज विभाग द्वारा रात्रिकालीन गश्त एवं निगरानी के दौरान ऐसे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? क्या विभागों को इस गतिविधि की जानकारी नहीं है या फिर कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई बरती जा रही है? क्षेत्रीय नागरिकों ने वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए रात्रिकालीन जांच अभियान चलाने, रेत से लदे वाहनों के दस्तावेजों एवं परिवहन की अनुमति की जांच कराने तथा अवैध परिवहन पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि बिजुरी क्षेत्र में रात के अंधेरे में चल रहे कथित अवैध रेत परिवहन पर जिम्मेदार विभाग कब तक प्रभावी कार्रवाई करते हैं, या फिर यह खेल इसी तरह बदस्तूर जारी रहेगा।

अवैध उत्खनन के दौरान मिट्टी में दबकर आदिवासी मजदूर की मौत

समाज जागरण

शहडोल । ग्राम सुखाड़ बुडवा में मिट्टी धंसने से 26 वर्षीय शन्नी कोल की गई जान, ट्रैक्टर में मिट्टी लोड करते समय हुआ हादसा; गांव में पसरा मातम, देवलोंद पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच। शहडोल। जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत सुखाड़ बुडवा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यौहारी प्रवास पर थे, उसी दौरान क्षेत्र में कथित अवैध उत्खनन के चलते एक आदिवासी मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने क्षेत्र में अवैध उत्खनन और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सुखाड़ निवासी शन्नी कोल पिता शेखिया कोल, उम्र 26 वर्ष, ट्रैक्टर में मिट्टी लोड करने के लिए गया था। इसी दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी धंसकर मजदूर के



ऊपर आ गिरी। मिट्टी के भारी मलबे में दबने से शन्नी कोल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते गांव में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं, यह जांच का विषय है। यदि उत्खनन बिना वैध अनुमति और सुरक्षा मानकों के किया जा रहा था, तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। बाणसागर-देवलोंद थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

उठ रहे गंभीर सवाल

- क्या घटनास्थल पर मिट्टी उत्खनन की वैध अनुमति थी?- मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम क्यों नहीं थे?- अवैध उत्खनन की आशंका के बावजूद जिम्मेदार विभागों की निगरानी कहां थी?- इस दर्दनाक हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होगी? अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक गरीब आदिवासी मजदूर की जान जाने के बाद क्या प्रशासन केवल मर्ग कायम कर जांच तक सीमित रहेगा, या अवैध उत्खनन के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी?

अमरपाटन में अतिक्रमणकारियों पर नगर परिषद का बड़ा एक्शन, सतना चौराहे पर मचा हड़कंप

समाज जागरण विजय तिवारी

अमरपाटन। शहर के सतना चौराहे पर सोमवार को नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से ठेला लगाकर दुकान संचालित करने वालों पर शिकंजा कसा। नगर परिषद की सीएमओ सुषमा मिश्रा के नेतृत्व में परिषद का अमला मौके पर पहुंचा और सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे दुकान लगाने वाले कई ठेला संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, अतिक्रमण में उपयोग की जा रही पन्नी, बांस और ठेलों को नगर परिषद के कर्मचारियों ने जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम एसपी मिश्रा एवं तहसीलदार प्रवीण कुमार त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासनिक



अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप सतना चौराहे पर लंबे समय से सड़क के दोनों ओर ठेला और अस्थायी दुकानें लगने से आवागमन प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए नगर परिषद ने यह कार्रवाई की। प्रशासन का उद्देश्य सड़क और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है। अब देखने वाली बात होगी कि नगर परिषद की यह कार्रवाई कितनी प्रभावी साबित होती है और सतना चौराहे को दोबारा अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है।सवाल यह भी है कि क्या अब सतना चौराहे पर स्थायी रूप से अतिक्रमण पर लगाम लग पाएगी या कुछ दिनों बाद फिर वही पुराना नजारा देखने को मिलेगा।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकली पहली प्रभात फेरी

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा निकट एस डी एम कोर्ट नगीना से प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। पहली प्रभात फेरी सभी संगतों द्वारा बड़ी ही श्रद्धा के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा संत सभा से प्रात 5.50 पर प्रारंभ होकर लाल सराय , पंजाबी कॉलोनी, स्टेशन रोड से होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंच कर संपूर्ण हुई। गुरुद्वारा परिसर पहुंचने पर बीवी गुरचरण कौर एवं सतविंदर सिंह डिंपी के द्वारा प्रभात फेरी का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया गया और परिवार के



द्वारा मिष्ठान प्रसाद का वितरण प्रभात फेरी में उपस्थित सभी लोगों को कराया गया। प्रभात फेरी में निशानसाहिब की सेवा भाई निशांत सिंह ने की। गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह और भाई तारा सिंह शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे और सभी संगत शब्द कीर्तन करते हुए उनके पीछे चल रही थी। संगतों द्वारा किए गए शब्द कीर्तन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया था। प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह ,गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह ,मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, करनप्रीत सिंह, तरनप्रीत सिंह ,चारु मल्होत्रा,मनप्रीत कौर ,दीपक मलहोत्रा ,दयाराम सिंह , शिव मिगलानी,मनोज टंडन कुशदीप सिंह, बलविंदर सिंह,अमन मल्होत्रा ,अजीत कौर, रमिंदर कौर ,अवनीत कौर, पूजा चोपड़ा कृष्णवीर सिंह आदि अनेकों लोग शामिल रहे। बताते चले दिनांक 24/11/26 को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा संत सभा नगीना में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में 22/11/26 को गुरुद्वारा दीवान हाल में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किए जाएंगे , जिसकी संपूर्णता 24/11/26 को होगी। तत्पश्चात कथा विचार एवं कीर्तन दरबार के उपरांत गुरु का लंगर बरताया जाएगा।

योगी की पाती शासन और आमजन के बीच आत्मीय संवाद का माध्यम : मुख्यमंत्री

कॉफी टेबल बुक का विमोचन, संवाद यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का वर्चुअल उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

बिजनौर, 16 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योगी की पाती केवल लेख या सरकारी संदेश नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के साथ आत्मीय संवाद का माध्यम है। इसके जरिए युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और विद्यार्थियों से जुड़े विषयों को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर योगी की पाती कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया तथा इस संवाद यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसके 50 संस्करणों को समाचार पत्रों और विजुअल मीडिया में स्थान देकर मीडिया संस्थानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद वनटांगिया समाज की 54 बस्तियों के हजारों परिवारों को नागरिकता और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। चित्रकूट में कोल जनजाति के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए गए हैं। मुसहर सहित अन्य वंचित समुदायों को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस से बच्चों की मृत्यु पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। बेसिक शिक्षा परिषद के करीब 1.60 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग, पुस्तकें और जूते-मोजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का स्तर लगभग 96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल घोषणाएं करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना जरूरी है।

नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया पाटल से हमला मुकदमा दर्ज

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना।थाना क्षेत्र के ग्राम डेलपुरा नैनू में शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई और मां के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।विरोध करने पर बड़े भाई ने पाटल से छोटे भाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। गांव निवासी राजा सैनी पुत्र गुलाब सिंह न ने बताया कि 11 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे उसका बड़ा भाई देवेंद्र शराब के नशे में मां और उसके साथ गाली गलौज करने लगा।विरोध करने पर आरोपी ने हाथापाई शुरू कर दी और पाटल से उसके सिर पर हमला कर दिया।हमले में उसके सिर में बाईं ओर तीन और दाईं ओर तीन टांके आए।आरोप है कि आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भैंसा-बोगी की चपेट में आने से 11 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर / थाना नजीबाबाद क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में कक्षा 6 के 11 वर्षीय छात्र मयंक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार मयंक पुत्र अमित कुमार, निवासी ग्राम मुखियारपुर, ग्राम पंचायत खलीलपुर, सुबह रोजाना की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। बताया जा रहा है कि गांव के बाहर साहनपुर पुलिस चौकी के पास भैंसा-बोगी की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बोगी चालक ही घायल छात्र को अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक मयंक पदारतपुर जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मयंक का शव देख परिजन भड़क उठे व अस्पताल के बाहर हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित कुमार ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और आश्वासन दिया कि दोषी व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

रेडक्रास सोसायटी ने लगाया वृहद चिकित्सा शिविर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

बिजनौर। राजा हरबंस इन्टर कॉलेज हल्दौर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उप चिकित्सा अधिकारी शिशिर भटनागर, कालेज के संरक्षक कुंवर प्रमोद कुमार व सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में 422 महिला, पुरुष व बच्चों का परीक्षण किया गया और परीक्षणों उपरांत सोसायटी की ओर सभी को निशुल्क एलोपैथिक , आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा व चश्मे का वितरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की हल्दौर व नहटौर की आरबीएस टीम व विवेक



आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा रेडक्रास सोसायटी के सभी डायरेक्टर व डाक्टर, फार्मेसिस्ट, अन्य सहयोगी स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में डा सुबोध चन्द्र शर्मा, डा विशाल, सुनील कुमार, श्रीमती रचना कपूर, योगेश ठाकुर , डा नरेन्द्र सिंह,पवित्र सिंह, रामकुमार सिंह आदि का सहयोग रहा।

उगते हुये सूर्य को अर्घ देने के पश्चात छठ महापर्व का हुआ समापन, छठ घाट की भव्य दिव्य अलौकिक नजारा लोगो के मन को लिया मोह

पुलिस अधीक्षक सपरिवार छठ घाट पर रहे मौजूद

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। लोक आस्था का महापर्व छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का त्यौहार सकुशल संपन्न हुआ तीन दिनो के कठिन निराजल व्रत के बाद जैसे ही भगवान भास्कर की लालिमा पहाड़ों को चिरती हुई बाहर निकली आस्था का हुजुम अपने को रोक नहीं पाया पुत्र की दीघार्यु की कामना लिए व्रती महिलाओं ने उदित भगवान भास्कर को गाय के दूध से अर्घ्य देने के बाद अपने परिजनों के साथ सामूहिक रुप से हवन पूजन किया



इसके साथ ही सूर्य उपासना का व्रत समाप्त हो गया एक बार फिर आस्था हर पहलू पर भारी रही कुछ ऐसा दृश्य कि पुरुषों व महिलाओं द्वारा घाट स्थल पर दंडवत करते हुए पहुंचे हलाकि उससे कम रोमांच आम आदमियों मे नहीं था मौजूद लोगों ने दंडवत करते हुए व्रतीयों के सामने स्वयं के संसाधनों से सफाई करते नजर आए क्या छोटा क्या बड़ा हर कोई आस्था के इस सैलाब में अपने अपने अंदाज से गोते लगाते हुए देखे गए पूरे छठ घाट क्षेत्र को आकर्षक तरिके से सजाया सवारा गया था सोन नदी के तट पर पूरी रात झालरों कि टिमटिमाहट व हाई मास्क लाइटो की प्रकास से सोन नदी की लहरें मानो अठखेलिया खेल रही हो आस्ताचल सूर्य को अर्घ देना और उदित भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की इंतजार में रात कब गुजर गई पता ही नहीं वहीं पूर्वाचल के सुप्रसिद्ध कलाकार नंदन चंदन की पूरी टीम ने अपनी भजनो से खुब शमा बांधा छठ घाट को सवारने और सजाने मे नगर पंचायत के समस्त कर्मचारीयो ने अथक मेहनत किया वही छठघाट पर सजाई गई रंगोली एवं आई लव चोपन लोगो के विच आकर्षण का केन्द्र रही छठ घाट पर राजनौतिक पाटीयो व समाजसेवी संगठनो द्वारा निशुल्क दुध और चाय की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ओबरा एसडीएम, भाजपा वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा, दयाशंकर सिंह, नवल किशोर चौबे अधिसासी अधिकारी अखिलेश सिंह, रजनी कांत सिंह, डा वृजेश सिंह, विंदू पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, अमीत सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, पिंटू मिश्रा, मनीष प्रताप सिंह, रोहित विंद धर्मेंद्र जायसवाल, सलीम कुरैशी, अनिकेत रावत, सुशील निषाद, नागेंद्र यादव, पिंटू जायसवाल, रामपरिखा विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे संचालन सभाषद दिव्य विकास सिंह ने किया

छठ महापर्व के बाद घर लौटने वालों की बढ़ी भीड़, चोपन बस स्टैंड पर बसों के लिए परेशान हुए यात्री

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



चोपन/ सोनभद्र। लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न होने के बाद अब रोजी-रोजगार और कामकाज के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहने वाले लोग वापस अपनी कर्मस्थली की ओर प्रस्थान करने लगे हैं। इसके चलते चोपन बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बसों की समय पर उपलब्धता नहीं होने और बसों में क्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर सोमवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते नजर आए। काफी देर इंतजार के बाद जब बसें पहुंचीं तो उनमें पहले से ही यात्रियों की भारी भीड़ देखकर लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। कई यात्री बसों में जगह पाने के लिए परेशान दिखे, वहीं परिवार और बच्चों के साथ सफर करने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। छठ महापर्व पर घर आए नौकरीपेशा लोगों, मजदूरों और अन्य कामगारों को अब समय से अपनी कार्यस्थली पहुंचने की चिंता सता रही है। ऐसे में बसों की कमी और अनियमित उपलब्धता उनकी परेशानी बढ़ा रही है। यात्रियों के अनुसार त्योहार के बाद अचानक बढ़ी भीड़ के चलते बसों में सफर करना मुश्किल हो गया है।

बताया जा रहा है कि अगले दो दिनों तक चोपन बस स्टैंड पर इसी तरह यात्रियों की भीड़ और बसों की मारामारी की स्थिति बनी रह सकती है। अब यात्रियों को उम्मीद है कि परिवहन विभाग अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कराएगा, ताकि उन्हें समय से अपने गंतव्य तक पहुंचने में सहूलियत मिल सके।

छठ महापर्व पर अमरनाथ गर्ग की अनूठी पहल, निःशुल्क तीन हजार गन्ने बांटकर जीता लोगों का दिल

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी



चोपन/ सोनभद्र। छठ महापर्व केवल पूजा-पाठ और आस्था का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, सहयोग और मानवता की सेवा का भी प्रतीक है। इसी भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर समाजसेवी अमरनाथ गर्ग पिछले तीन-चार वर्षों से एक ऐसी अनूठी पहल कर रहे हैं, जो समाज में इंसानियत और आपसी सहयोग की खूबसूरत मिसाल पेश कर रही है। छठ महापर्व के अवसर पर वह जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं के बीच सिंदुरिया रोड स्थित अपने गोदाम से निःशुल्क गन्ने का वितरण करते हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पूजा की तैयारियों में थोड़ी राहत मिल सके और हर घर में आस्था का यह पर्व खुशियों के साथ मनाया जा सके।

अमरनाथ गर्ग बताते हैं कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, इसलिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाज के लिए कुछ करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उनके मन में हमेशा यही विचार रहता है कि जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कुछ ऐसा किया जाए, जिससे उन्हें खुशी और सहारा मिल सके। इसी सोच के साथ शुरू हुई निःशुल्क गन्ना वितरण की यह पहल आज एक परंपरा का रूप ले चुकी है। नेवारी, भरहरी सहित आसपास के करीब दस गांवों के लोग यहां पहुंचते हैं। अब तक लगभग तीन हजार गन्नों का निशुल्क वितरण किया जा चुका है। उनका कहना है कि जब किसी जरूरतमंद के चेहरे पर खुशी दिखाई देती है, तो वही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। आगे भी मौसम और त्योहार की परवाह किए बिना सेवा के ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस पहल का लाभ लेने पहुंचे सिंदुरिया निवासी छठ व्रती राजेश कन्नौजिया भी भावुक नजर आए। उन्होंने बताया कि उन्हें पूजा के लिए पांच से छह गन्ने निशुल्क मिले हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में जब कोई व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के श्रद्धालुओं की मदद करता है, तो यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने अमरनाथ गर्ग और उनके परिवार के प्रति आभार जताते हुए इस पहल को सराहनीय बताया। इस सेवा की सबसे खूबसूरत तस्वीर तब देखने को मिली, जब अमरनाथ गर्ग की पोती नव्या गर्ग ने अपने दादा के कार्यों पर गर्व जताया। नव्या ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों को निशुल्क गन्ना लेते और खुश होते देखकर उसे बहुत अच्छा लग रहा है। उसने संकल्प लिया कि वह भी बड़ी होकर अपने दादा की तरह समाजसेवा करेगी और जरूरतमंदों की मदद के साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी। दरअसल, अमरनाथ गर्ग की यह पहल केवल गन्ना वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी को संस्कार, संवेदना और सेवा का महत्व भी सिखा रही है। जहां एक ओर उनके हाथों से श्रद्धालुओं की पूजा में सहयोग पहुंच रहा है, वहीं दूसरी ओर नव्या के मन में भी समाज के प्रति जिम्मेदारी का बीज अंकुरित हो रहा है। सचमुच, किसी के जीवन में खुशियां लाने के लिए हमेशा बड़ी दौलत की जरूरत नहीं होती, कभी-कभी एक छोटी सी पहल भी हजारों दिलों में जगह बना लेती है। छठी मइया के पावन पर्व पर अमरनाथ गर्ग का यह प्रयास समाज को यही संदेश दे रहा है कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार दूसरों के काम आना ही सच्ची सेवा है।

भास्कर क्लब ने छठ व्रतियों के बीच वितरित किए कंबल, सेवा भाव से निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

समाज जागरण/ अकबर अली



अनपरा/ सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद नगर परिसर स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर एवं सूर्य कुंड में लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रिहंद पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित महापर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हुए। नहाय-खाय के अवसर पर कल्याण केंद्र में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं खरना के दिन रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया। छठ महापर्व के तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद घाट पर रात्रि विश्राम करने वाले व्रती महिलाओं एवं पुरुषों के बीच भास्कर क्लब की ओर से कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी, महिला मंडल अध्यक्ष नीलू असाटी, महा प्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) प्रणय कुमार नायक, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) हेमेश वार्ष्णेय एवं उनकी पत्नी कीर्ति वार्ष्णेय ने सह भागिता निभाई। इस दौरान अतिथियों ने क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ईवा के महासचिव आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि भास्कर क्लब सदैव सामाजिक एवं सांस्कृतिक गति विधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है।

जरूरतमंदों की सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य क्लब की प्राथमिकता हैं। कार्यक्रम में भास्कर क्लब के सदस्यों, रिहंद पूजा समिति के पदाधिकारियों और एनटीपीसी के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बीएलओ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई- मंण्डलायुक्त

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक संचालित होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों के संबंध में मंडलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव त्रिपाठी पीसीसी ऑब्जर्वर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी; समाज वादी पार्टी से राम निहोर यादव जिलाध्यक्ष; भारतीय जनता पार्टी से सुनील सिंह पूर्व जिला मंत्री, अनिल सिंह जिला मंत्री, सीपीआईएम से नंदलाल आर्य जिला मंत्री; आम आदमी पार्टी से रमेश गौतम जिलाध्यक्ष तथा बहुजन समाज पार्टी से संतोष कुमार पटेल जिला प्रवक्ता, श्री अंकित पाठक जिला कोषाध्यक्ष एवं शुभम त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में मंण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर ने निर्देशित किया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करें। यदि किसी बीएलओ द्वारा फोन कॉल रिसीव नहीं किया जाता है, तो जिलाधिकारी विधानसभावार टीम गठित कर ऐसे बीएलओ को चिन्हित कराएं तथा उन्हें फोन कॉल का जवाब देने एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में अपना सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि उनके सहयोग से गांवों में वास्तविक रूप से निवास करने वाले मतदाताओं का सही ढंग से चिन्हांकन किया जा सके। इससे निर्वाचक नामावली को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाने में सहायता मिलेगी।

बैठक में रोल ऑब्जर्वर ने निर्देशित किया है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ई0आर0ओ0) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ए0ई0आर0ओ0) बिना जिलाधिकारी की अनुमति के जनपद मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विद्यालयों एवं शिक्षकों का सहयोग लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने ई0आर0ओ0 एवं ए0ई0 आर0ओ0 को निर्देशित किया कि मंण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर द्वारा दिए गए निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2027 के अंतर्गत निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखा जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि०/रा० वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी, उप जिला धिकारी घोरावल विशाल सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान, उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दुद्धी में आस्था का महाकुंभ, शिवाजी तालाब व लवकुश पार्क घाट पर सजी भव्य गंगा आरती, काशी के पंडितों ने कराया अनुष्ठान

समाज जागरण



दुद्धी/ सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को दुद्धी कस्बे में असीम आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कस्बे के प्राचीन शिवाजी तालाब और कैलाश कुंज द्वार स्थित लवकुश पार्क मलदेवा छठ घाट पर आयोजित भव्य गंगा आरती ने पर्व की दिव्यता में चार चांद लगा दिए। अलौकिक दीपों की रोशनी और वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। जय बजरंग अखाड़ा समिति के तत्वावधान में प्राचीन शिवाजी तालाब पर आयोजित मुख्य गंगा आरती का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। काशी से आए विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती संपन्न कराई गई। आरती के दौरान दीपों और घंटियों घड़ियालों की गूंज के बीच तालाब परिसर का विहंगम दृश्य देख वहां उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर और मंत्रमुग्ध नजर आए। वहीं कस्बे से लगे कैलाश कुंज द्वार स्थित लवकुश पार्क मलदेवा छठ घाट पर आदर्श युवा क्लब के तत्वावधान में भी भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। यहाँ भी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत आरती संपन्न हुई। इस भव्य आयोजन में डॉ. लव कुश प्रजापति, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. जयवर्धन और ग्राम प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल समेत क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आदर्श युवा क्लब की ओर से पधारे सभी अतिथियों, विशिष्ट जनों और आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकताओं को अंगवस्त्रम ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

दोनों घाटों पर आयोजित इन भव्य गंगा आरती कार्यक्रमों ने दुद्धी में छठ महापर्व के उल्लास को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया, जिसमें स्थानीय प्रशासन, समितियों और आम जनमानस की सक्रिय भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

छठ घाटों पर व्रतियों की आस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी रही चर्चा में, रातभर मुस्तैद रही पुलिस टीम

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ पर जहां घाटों पर व्रतियों की श्रद्धा और भक्ति का नजारा देखने को मिला, वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीजपुर पुलिस की भी लोगों ने खूब सराहना की। दुद्धईया मंदिर स्थित छठ घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ छठ महापर्व संपन्न हुआ। इस दौरान बीजपुर पुलिस की टीम ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पूरी रात मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई। उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडेय, कांस्टेबल अमित कुमार और महिला कांस्टेबल सुनैना ने दुद्धईया मंदिर छठ घाट की सुरक्षा एवं व्यवस्था संभाली। वहीं बीजपुर पुलिस के अन्य सुरक्षाकर्मी भी अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। पुलिसकर्मियों ने घाटों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी तथा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया। रातभर पुलिस की सक्रियता से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद मिली। साथ ही जंगली जीव-जंतुओं से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। पुलिसकर्मियों की इस जिम्मेदारी, तत्परता और सेवा भावना की स्थानीय लोगों ने सराहना की। छठ महापर्व के दौरान बीजपुर क्षेत्र में आस्था के साथ सुरक्षा का भी बेहतर माहौल देखने को मिला।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन

शिवाजी तालाब सहित क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रातभर भक्ति गीतों से गूंजता रहा घाट परिसर

समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय कस्बे के शिवाजी तालाब सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छठ घाटों पर सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ का श्रद्धा और उल्लास के बीच समापन हो गया। भोर होते ही व्रती महिलाएं और पुरुष तालाबों एवं जलाशयों में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और लोक कल्याण की कामना की। इसके साथ ही व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण कर चार दिवसीय कठिन अनुष्ठान पूरा किया। शिवाजी तालाब छठ घाट पर रविवार की पूरी रात भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ। इसमें व्रती महिलाओं, श्रद्धालुओं और श्रोताओं ने रातभर भक्ति गीतों का आनंद लिया। छठी मइया के पारंपरिक गीतों और देवी स्तुति से पूरा घाट परिसर भक्तिमय बना रहा। सोमवार की सुबह सूर्य की पहली किरण दिखाई देते ही अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की



भारी भीड़ तालाब घाट पर उमड़ पड़ी। व्रतियों ने विधि-विधान से भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान बजरंग अखाड़ा समिति के कार्यकर्ता छठ घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में जुटे रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, रामलोचन तिवारी, रामपाल जौहरी, कन्हैयालाल अग्रहरि, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज जायसवाल, दीपक शाह, मनीष जायसवाल, राकेश आजाद, आलोक अग्रहरि, सुनील जायसवाल, अविनाश गुप्ता, विष्णुकांत तिवारी, पवन सिंह, संदीप गुप्ता, कृपाशंकर अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, प्रेम नारायण सिंह, सुमित सोनी सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मतदाता सूची का मिलान पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ सुनिश्चित करें अधिकारी- जिलाधिकारी

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने पर दिया जोर

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची के मिलान के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची के मिलान की प्रक्रिया पूरी गंभीरता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित की जाए। मतदाता सूची का मिलान निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए, जिससे मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी हो तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित रहें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के मिलान की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची के मिलान के दौरान विशेष सावधानी बरती जाए तथा प्रत्येक स्तर पर कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में शुद्धता एवं पारदर्शिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय बनाया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, उप जिलाधिकारी सदर आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी घोरावल विशाल सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान, उप जिला धिकारी दुद्धी अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छठ महापर्व पर समाजसेवी अमरेश तिवारी की सराहनीय पहल, व्रती महिलाओं में वितरित की 700 से अधिक साड़ियां

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर समाजसेवी अमरेश तिवारी ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए व्रत कर रही महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी एवं माता-पिता के साथ क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर व्रती महिलाओं को साड़ी भेंट की और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान जरहां, चेतवा, बूड़ा और इंजानी सहित विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर 700 से अधिक साड़ियों का वितरण किया गया। पर्व के दौरान व्रतियों के बीच पहुंचकर उन्हें सम्मान स्वरूप साड़ी भेंट करने की इस पहल से महिलाओं में खुशी देखने को मिली। अमरेश तिवारी ने अपने परिवार के साथ इस सामाजिक कार्य में सहभागिता निभाई इस मौके पर संदीप, अवनीश दुबे, अशोक, रौनित, श्याम सुंदर, पंकज और राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने वितरण कार्य में सहयोग किया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व, जिलेभर के घाटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।
लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। इस अवसर पर किशनगंज शहर सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों के छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही व्रतियों के घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सूर्योदय की पहली किरण के साथ व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। सोमवार को सूर्योदय सुबह 5 बजकर 57 मिनट पर हुआ।



शहर के देवघाट खगड़ा, धोबीघाट डे मार्केट, छेदिया बागान, गांधी नगर अस्पताल रोड, रमजान नदी घाट, प्रेमपुल, घोरामारा, कजलामनी, धरमगंज, मोतीबाग, ढेकसरा और ओद्रा सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी नदी, तालाबों और अन्य जलाशयों के किनारे छठ पूजा श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई।
टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पूजा समितियों और स्थानीय युवाओं ने घाटों की साफ-सफाई, सजावट एवं रोशनी की बेहतर व्यवस्था की थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि आम लोगों के सहयोग से छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इधर, बहादुरगंज के देवामंद शिवगंज धाम छठ घाट पर शिवगंज बालूबाड़ी एवं गोविंदपुर के लोगों ने सामूहिक सहयोग से पूजा संपन्न कराई। अध्यक्ष लाल कुमार के नेतृत्व में घाट को टेंट, रोशनी और फूल-मालाओं से सजाया गया था। गोविंदपुर गांव के युवक दुर्गेश सहनी द्वारा निर्मित भगवान सूर्यदेव की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन में लाल कुमार दास, कमलेश कुमार, अधिवक्ता राजा कुमार, वार्ड सदस्य राजू कुमार सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।
छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और किशनगंज पुलिस की ओर से भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। डीएम नवीन कुमार और एसपी संतोष कुमार के निर्देश पर प्रमुख घाटों पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। पुलिस गश्ती और निगरानी के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का ध्यान रखा गया।
उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा किया। घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंजते रहे और प्रसाद वितरण के साथ महापर्व का समापन हुआ। छठ पर्व ने जिले में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सहयोग की सुंदर मिसाल पेश की।

513 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ बंगाल के दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।
किशनगंज पुलिस की एएनटीएफ टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 513 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के साथ पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से नकद राशि, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को 15 नवंबर 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर माउंटेनकट्टा थाना क्षेत्र के पनासी हाट के पास मोटरसाइकिल से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज के नेतृत्व में एएनटीएफ किशनगंज और माउंटेनकट्टा थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। विशेष टीम ने पनासी हाट के पास छापेमारी कर काले रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 513 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रहीम (25), पिता अजीजुल हक और जाकिर हुसैन (27), पिता संजू, दोनों निवासी मौलानी, थाना इस्लामपुर, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है।
पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री में संलिप्तता की बात स्वीकार की है। मामले में गिरोह से जुड़े अन्य तस्करों तथा मादक पदार्थों के स्रोत और आगे की आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। आरोपितों के मोबाइल फोन की तकनीकी जांच भी की जा रही है। इसके साथ ही अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।
इस मामले में माउंटेनकट्टा थाना कांड संख्या 298/26, दिनांक 16 नवंबर 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 21(सी), 25 एवं 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
छापेमारी दल में एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज, एएनटीएफ प्रभारी पु0नि0 तेलुगु कुमार, पु0अ0नि0 फुलेन्द्र कुमार, कृष्णा कुमार, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, मो. रेहान अहमद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।
पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचना एएनटीएफ हेल्पलाइन नंबर 9031816150 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

बिरसा मुंडा जयंती पर फुटबॉल टूर्नामेंट, बिसनपुर बनी चैंपियन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।
टेढ़ागाछ। बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर टेढ़ागाछ हाई स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में



बिसनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को आयोजन समिति की ओर से 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, पिलटोला, दिघलबैंक की टीम उपविजेता रही, जिसे 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।
कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रतिनिधि अकमल शमसी ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। साथ ही युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और आपसी भाईचारे एवं खेल भावना को मजबूती मिलती है।
टूर्नामेंट के सफल आयोजन में मनोज मुर्मू, सामन टुडू, विलय टुडू, निर्मल मुर्मू और बबलू हेम्ब्रम का सराहनीय योगदान रहा।

नबीनगर : पुनपुन छठ घाट पर हुई भव्य गंगा आरती, हजारों भक्त हुए आनंदमय

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)
नबीनगर (बिहार)छठ महापर्व के अवसर पर नबीनगर के आदि गंगे पुनपुन नदी स्थित छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य पर आयोजित इस गंगा आरती ने पूरे नबीनगर को भक्तिमय कर दिया। गंगा आरती वाराणसी से आए विद्वान पुरोहितों एवं आचार्यों के निर्देशन में संपन्न हुई। पुनपुन नदी के तट पर बने भव्य मंच से पुरोहितों ने शंख, घंटा, डमरू और मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा की आरती उतारी। इस भव्य आयोजन का आयोजन छठ पूजा सेवा समिति एवं सेवा दल द्वारा किया गया था। समिति के सदस्यों ने आरती के लिए घाट को फूल-माला, झालर, दीप और रंगोली से भव्य रूप से



सजाया था।गंगा आरती में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। नदी के दोनों तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। हाथों में दीप लिए भक्तों ने मां गंगा की आरती में भाग लिया और जयकारे लगाए। आरती के दौरान सैकड़ों दीपों से पूरा घाट जगमगा उठा। नदी में प्रवाहित किए गए दीपों का दृश्य बेहद मनमोहक लग रहा था। भक्तों ने इस पल को अपने मोबाइल में कैद कियाय महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि नबीनगर में पूर्व की तरह इस वर्ष भी इतने भव्य पैमाने पर गंगा आरती का आयोजन किया गया है। आगे भी हर साल इस परंपरा को और भव्य रूप से जारी रखा जाएगा।

नबीनगर : धुंधुआ सूर्य महोत्सव का भव्य उद्घाटन, स्कूली बच्चों की रंगोली-पेंटिंग ने मोहा मन

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)
नबीनगर (बिहार)दिनांक 15.11.2026 को नबीनगर प्रखंड के ग्राम धुंधुआ में तीन दिवसीय धुंधुआ सूर्य महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन औरंगाबाद के तत्वावधान में किया गया।



महोत्सव का उद्घाटन जिला संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमकार वैभव सिंह, अंचल अधिकारी परछित कुमार, पीओ मनरेगा कुमार नीरज, उप प्रमुख लव कुमार सिंह, महोत्सव संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जिला पार्षद हरी राम, दूधेश्वर पासवान और मुखिया रीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।कार्यक्रम में भास्कर समिति के सचिव जगदीश चौधरी, उपाध्यक्ष अनुग्रह सिंह, सुरेंद्र पाल, बिरेंद्र मेहता, सरोज मेहता, भोला यादव, जितेंद्र कुमार और अध्यक्ष महंत जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।
महोत्सव के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गयाय।अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमकार वैभव सिंह ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

नबीनगर : उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद,)
नबीनगर (बिहार)लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। नबीनगर प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था पुनपुन घाट सोमवार की भोर में ही हजारों की संख्या में छठ व्रती पारंपरिक छठ गीत गाते हुए आदि गंगे पुनपुन नदी के छठ घाट पर पहुंचे। व्रतियों के साथ उनके परिजन भी टोकरी, सूप, ठेकुआ, फल और गन्ना लेकर घाट पर पहुंचे थे ।सुबह जैसे ही सूर्य की पहली किरण निकली, व्रतियों ने नदी



के ठंडे पानी में खड़े होकर दूध और गंगाजल से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरा घाट "केलवा जे फरेला घवद से..." और "उगऽ हो सुरुज देव..." जैसे पारंपरिक छठ गीतों से गूंज उठा। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने अदरक, ठेकुआ और प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण किया। परिजनों ने व्रतियों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। घाटों पर सुबह से ही साफ-सफाई, प्रकाश और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल तैनाती की गई थी। स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं की मदद की ।नहाय-खाय से शुरू हुआ यह चार दिवसीय पर्व खरना, संध्या अर्घ्य के बाद सोमवार को उषा अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। घाट से लौटते समय श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति और उल्लास साफ झलक रहा था।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

पंकज कुमार पाठक,समाज जागरण
पदमाः प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की अहले सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर केवता नदी सहित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही व्रती महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक छठ गीत गाते हुए सूप, दउरा और पूजन सामग्री के साथ घाटों पर पहुंचने लगे। घाटों पर छठी मैया के गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जैसे ही पूर्व दिशा में सूर्य की लालिमा दिखाई दी, व्रतियों ने जल में खड़े होकर दूध एवं पवित्र जल से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और आरोग्य की कामना की। इस दौरान घाटों पर दीपों की रोशनी, केले के घौद, फल-फूल और पारंपरिक प्रसाद से सजे सूप एवं दउरा आकर्षण का केंद्र रहे। छठ गीतों की गूंज और



श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रतियों ने छठी मैया की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज के मंगल की कामना की। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन हुआ। श्रद्धालुओं के बीच ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। पर्व को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। छठ महापर्व के दौरान सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सहयोग की भी अनूठी मिसाल देखने को मिली।

छठ महापर्व पर आदित्यपुर के समाजसेवियों ने लगाया सेवा शिविर

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड
सरायकेला खरसावां (झारखंड) 16 नवम्बर 2026: लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पूर्ण अवसर पर आदित्यपुर के समाजसेवियों ने आदित्यपुर कॉलोनी रोड नंबर चार में 15 एवं 16 नवंबर को पदमा मेडिकल के समक्ष शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में छठ व्रत व्रतियों एवं राहगीरों के लिए चाय-बिस्कुट, पकौड़ी,हलवा,ठंडे पानी,चॉकलेट एवं अगरबत्ती की व्यवस्था की गई।
सेवा, समर्पण एवं श्रद्धा के भाव से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छठ व्रत पंथ एवं आश्रम की सेवा करना तथा समाज में सहयोग, समरसता एवं सद्भाव की भावना को मजबूत करना है।

दो भाइयों की सरकारी नौकरी लगने पर दंडवत करते छठ घाट पहुंचे अमित भगत

समाज जागरण
गोड्डा मेहरमा में लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था,श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। प्रखंड के अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित पिरोजपुर शिव मंदिर छठ घाट पर मनोकामना पूर्ण होने पर बाराहाट बाजार के युवा व्यवसायी अमित कुमार भगत सड़क पर दंडवत करते हुए छठ घाट की ओर बढ़ते नजर आए। बताया गया कि इनके दो भाई क्रमशः अजय भगत और अभिषेक भगत की सरकारी नौकरी लगने की मन्नतें मांगी गई थी। अजय भगत अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर (एसओ) तथा अभिषेक भगत जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर अपना-अपना योगदान कर लिया है। मन्नतें पूरी होने पर अमित दंडवत करते हुए छठ घाट पहुंचे। इनकी इस अटूट



श्रद्धा और समर्पण को देखने के लिए रास्ते से गुजर रहे लोग भी कुछ पल के लिए ठहर गए। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ चल रहे थे। छठी मईया के प्रति उनकी गहरी आस्था और विश्वास को देखकर लोग भावुक हो उठे। रास्ते से गुजरने वाले कई श्रद्धालुओं ने सिर झुकाकर उन्हें प्रणाम किया और उनकी मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। छठ महापर्व में व्रतियों और श्रद्धालुओं की ओर से अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर विभिन्न प्रकार से छठी मईया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा देखने को मिलती है। इसी आस्था का परिचय देते हुए यह युवा व्यवसायी दंडवत करते हुए छठ घाट पहुंचे। उनका यह कठिन संकल्प और भक्ति लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। दंडवत करते हुए घाट तक पहुंचने का यह दृश्य छठ महापर्व की धार्मिक आस्था, विश्वास और समर्पण को दशार्ता नजर आया। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं की नजरें उनकी ओर टिकी रहीं।

पटना के मनेर में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 12 वर्षीय किशोरी की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर किया सड़क जाम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश
पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत दरवेशपुर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। सड़क पार कर रही किशोरी को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से



उसे बचाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। इस अचानक हुई घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका की पहचान दरवेशपुर गांव निवासी गोविंदा महतो की 12 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंशु सोमवार को किसी कार्य से सड़क पार कर रही थी, तभी अनियंत्रित गति से आ रही एक बाइक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किशोरी की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे और सुरक्षा की मांग को लेकर मृतका के शव को सड़क पर ही रख दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आगजनी करते हुए आवागमन को पूरी तरह से बाधित कर दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और यातायात को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने के लिए काफी मशक्कत की और उन्हें समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार को अपनी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, जबकि घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

उदयीमान सूर्य के अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

पटना के उलार्क सूर्य मंदिर में उमड़ी पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश
पटना/ सोमवार को उगते हुए सूर्य (उदयीमान सूर्य) को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व कार्तिक छठ शांतिपूर्ण और धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। इस पावन अवसर पर पटना जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित अति प्राचीन, प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक ओलार्क सूर्य मंदिर (उलार धाम) में अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहाँ देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे पांच लाख से अधिक छठव्रतियों ने मंदिर परिसर के चमत्कारी ऐतिहासिक तालाब में आस्था की डुबकी लगाई और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।



तालाब में स्नान और अर्घ्यदान के पश्चात व्रतियों ने ऐतिहासिक मंदिर के गर्भगृह में स्थापित भगवान भास्कर की प्राचीन प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके साथ ही महिलाओं और अन्य व्रतियों ने अपने 36 घंटे के निर्जला और कठिन उपवास का पारण किया। भगवान सूर्यदेव के जयकारों और छठी मईया के पारंपरिक गीतों के बीच व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और पूर्ण श्रद्धा व खुशी के साथ अपने-अपने घरों की ओर प्रस्थान किया। इस विशाल धार्मिक मेले और महापर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। जुटने वाली भारी भीड़ और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। तालाब के चारों और मुख्य सड़कों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त के तहत बैरिकेडिंग, उच्चस्तरीय लाइटिंग, एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम, स्वास्थ्य शिविर, पेयजल आपूर्ति, स्थायी व अस्थायी शौचालय और महिला पुलिस बल समेत भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। इसके अतिरिक्त, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही थी। पूरे अनुष्ठान के दौरान पालीगंज के अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, एसडीपीओ-1 राजीवचंद्र सिंह, एसडीपीओ-2 पंकज शर्मा, थानाध्यक्ष विकास कुमार, सोनू कुमार और प्रवीण कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे। साथ ही, उलार सूर्य मंदिर न्यास कमेटी के सदस्यों ने भी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में विशेष सहयोग प्रदान किया। मंदिर के मठाधीश एवं महंत श्री अवध बिहारी दास जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष उलार धाम में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। उनके अनुसार, इस बार कार्तिक छठ पर पाँच लाख से अधिक छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने यहाँ पहुंचकर भगवान भास्कर की आराधना की और मन्नतें मांगी। इस भव्य आयोजन से एक बार फिर उलार धाम की महिमा पूरे देश में और अधिक प्रखर होकर सामने आई है।

पटना जिले के दहिया गांव में नौ दिवसीय अखंड कीर्तन का भव्य आयोजन, राममय हुआ पूरा इलाका

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता - वेद प्रकाश
पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत दहिया पंचायत के दहिया गांव में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म की बयार बह रही है। गांव में नौ दिवसीय भव्य अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के श्रद्धालुओं ने बेहद उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस धार्मिक अनुष्ठान के चलते पिछले नौ दिनों से पूरे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ है। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगातार भगवान श्री राम का महामंत्र और संकीर्तन किया जा रहा है। निरंतर गूंज रहे जय सियाराम, जय-जय



सियाराम के जयघोष से पूरा गांव और आसपास का इलाका गूंज उठा है। इस नौ दिवसीय अखंड कीर्तन के आयोजन से पूरे क्षेत्र में गजब का आध्यात्मिक उत्साह, श्रद्धा और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे ग्रामीण काफी प्रफुल्लित हैं।

पटना में छठ घाट गए परिवार के लोग

सूने घर से चोरों ने उड़ाये दो करोड़ के सोने के जेवरात, मची अफरा-तफरी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के संपतचक के गोपालपुर थाना क्षेत्र स्थित चक बैरिया गांव में सोमवार की सुबह छठ महापर्व के अंतिम अर्घ्य के दौरान चोरों ने एक दो मंजिला मकान को निशाना बनाते हुए करीब दो करोड़ रुपये के सोने के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिये। यह वारदात उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य घर में ताला बंद कर बैरिया सूर्य मंदिर छठ घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय शिवनाथ सिंह के पुत्र अरुण सिंह (सेल्स एग्जीक्यूटिव) और धर्मेंद्र सिंह (केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया में प्रोफेसर) का यह दो मंजिला मकान है। सोमवार की सुबह परिवार



के सभी सदस्य घर के मुख्य गेट और कमरों में ताला लगाकर छठ घाट पर गए थे। इसी बीच चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और दोनों मंजिलों के सभी कमरों को खंगाल डाला। चोरों ने अलमारियों और बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने के तमाम जेवरात चुरा लिए। हैरान करने वाली बात यह है कि चोरों ने केवल सोने के गहने ही चुराए, जबकि चांदी के जेवर और बर्तनों को हाथ तक नहीं लगाया। अर्घ्य देने के बाद जब परिवार के लोग घर लौटे तो मुख्य गेट का टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। महिलाओं के गहने गायब मिलने पर घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और गोपालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और इस बात की आशंका जताई जा रही है कि वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ है जिसे घर की पूरी जानकारी थी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

पटना के बिहटा में ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत, परिजनों में छाया मातम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिहटा रेल जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे पोल संख्या 571/7 के समीप एक दर्दनाक हादसे में लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस आकस्मिक और दुखद दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी विजय प्रसाद के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस हरकत में आई और तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की



जानकारी देते हुए बिहटा रेल के अपर थानाध्यक्ष जेबी राय ने बताया कि सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली थी कि रेलवे पोल संख्या 571/7 के पास ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर रवाना हुई और स्थिति का जायजा लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। अपर थानाध्यक्ष ने इस दुखद घटना के मद्देनजर आम नागरिकों और रेलयात्रियों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक पार करने के लिए हमेशा फुट ओवरब्रिज या निर्धारित रास्तों का ही उपयोग किया जाना चाहिए। पटरियों को पार करते समय की गई जरा सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। बहरहाल, इस अप्रत्याशित हादसे से पीड़ित परिवार और आसपास के लोग गहरे सदमे में हैं।

पटना में छठ का प्रसाद बनाने के दौरान गैस रिसाव से घर में लगी आग

आठ लोग झुलसे; पीएमसीएच में भर्ती

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खैराटाली गांव में रविवार की आधी रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। लोक आस्था के महापर्व छठ का प्रसाद तैयार करने के दौरान अचानक गैस रिसाव होने से एक घर में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में तीन महिलाओं, दो पुरुषों और तीन बच्चों समेत कुल आठ लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो



गए। इनमें तीनों महिलाओं की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी उपचार के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की रात घर में छठ महापर्व के प्रसाद (ठेकुआ आदि) बनाने की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच अचानक रसोई गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिसकी भनक किसी को नहीं लग पाई। कुछ ही पलों में गैस ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। घर के अंदर मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक वे इसकी चपेट में आ चुके थे। अचानक हुई इस भीषण दुर्घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर एकत्रित हुए स्थानीय ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और पुलिस की मदद से सभी झुलसे हुए लोगों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया। इस अप्रत्याशित और दुखद घटना के बाद से पूरे खैराटाली गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल पसरा हुआ है। इस दुर्घटना में झुलसे सभी आठों लोगों की पहचान कर ली गई है, जिनमें रूबी देवी (43), रेशमी देवी (40), सीमा देवी (35), सूरज कुमार केसरी (38), मनीष केसरी (32), एक वर्षीय बच्ची गुड़िया रानी, आठ वर्षीय प्रियांशु कुमार और दस वर्षीय प्रियांशु कुमार शामिल हैं।

घटना की पुष्टि करते हुए परसा बाजार थाने की थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि गैस रिसाव की वजह से घर में आग लगने और उसमें आठ लोगों के झुलसने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती करा दिया गया है, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया और जांच में जुटी हुई है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर रोहतास एसपी ने मीडिया परिवार को दी शुभकामनाएं

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के योगदान को बताया अतुलनीय, पुलिस और मीडिया के बीच विश्वास एवं सहयोग बनाए रखने पर दिया जोर

समाज जागरण पारसनाथ दुबे। डेहरी रोहतास।

संवाददाता, पारस नाथ दुबे। डेहरी, रोहतास। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर रोहतास के पुलिस अधीक्षक की ओर से जिले के सभी पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने अपने संदेश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और उसके योगदान की सराहना की। रोहतास एसपी ने कहा कि सत्य, निष्पक्षता और जनहित के प्रति मीडिया की प्रतिबद्धता समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पत्रकार अपने समाचारों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को सामने लाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि रोहतास पुलिस और मीडिया के बीच विश्वास, संवाद एवं सहयोग का रिश्ता आगे भी इसी तरह कायम रहना चाहिए। पुलिस और पत्रकारिता जगत के आपसी समन्वय से जनहित से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से सामने लाने में मदद मिलती है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर रोहतास पुलिस की ओर से दिया गया यह शुभकामना संदेश जिले के समस्त मीडिया परिवार के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

पटना के मसौढ़ी में बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से महिला की मौत, परिवार में कोहराम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के धनरूआ प्रखण्ड के बहरामपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मरहबिगहा गांव में सोमवार की सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। घर में लिपाई-पुताई का काम कर रही एक 29 वर्षीया महिला की पंखे के खुले बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस अचानक हुई दुर्घटना के बाद मृतका के परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतका की पहचान मरहबिगहा गांव निवासी मन्नू कुमार की पत्नी बबीता कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह बबीता कुमारी अपने घर में पारंपरिक लिपाई-पुताई का कार्य कर रही थीं। इसी दौरान अनजाने में उनका हाथ या शरीर घर में रखे एक टेबल फैन से निकले खुले हुए बिजली के तार के संपर्क में आ गया। तार में प्रवाहित हो रहे तेज करंट की चपेट में आते ही वह बुरी तरह झुलसकर जमीन पर गिर पड़ीं।

घटना के बाद परिजन जब तक कुछ समझ पाते और राहत पहुँचाने का प्रयास करते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और करंट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस आकस्मिक त्रासदी से परिवार की सारी खुशियां पलभर में मातम में तब्दील हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए बहरामपुर ओपी के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शुरूआती जाँच और परिजनों के बयानों से यह स्पष्ट हुआ है कि महिला की मौत घर में लिपाई-पुताई के दौरान पंखे के खुले बिजली तार के संपर्क में आने से हुई है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और अनुसंधान में जुटी हुई है।

दून एक्सप्रेस से घर छोड़कर जा रही 50 वर्षीय महिला बरामद, आरपीएफ ने परिजनों को सौंपा

डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की तत्परता से महिला सुरक्षित मिली, बेटे को बुलाकर की गई सुपुर्दगी

समाज जागरण पारसनाथ दुबे। डेहरी रोहतास।

संवाददाता, पारसनाथ दुबे। डेहरी, रोहतास। घर से नाराज होकर जा रही एक 50 वर्षीय महिला को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दून एक्सप्रेस से सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। आरपीएफ की तत्परता से महिला को सकुशल उसके परिवार तक पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, आरपीएफ डेहरी ऑन सोन को सूचना मिली थी कि एक महिला घर से नाराज होकर हावड़ा से योगनगरी ऋषिकेश जाने वाली 13009 अप दून एक्सप्रेस से जा रही है। सूचना मिलते ही ट्रेन में तैनात मार्गरक्षण दल को सतर्क कर दिया गया।

दून एक्सप्रेस के डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर पहुंचने के बाद उप निरीक्षक अमरजीत दास ने रेलवे सुरक्षा बल



के जवानों और महिला कर्मचारी के साथ संबंधित डिब्बे की जांच की। इस दौरान मार्गरक्षण दल के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने शांति देवी (50 वर्ष), पति स्वर्गीय किशोरी साव, निवासी बदहपुर भोरमिरगंज, थाना मुफस्सिल, जिला गया को आरपीएफ के हवाले किया।

इसके बाद महिला को आरपीएफ पोस्ट पर लाकर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी की देखरेख में सुरक्षित रखा गया और उनके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर महिला के पुत्र नीरज कुमार गुप्ता (22 वर्ष) आरपीएफ पोस्ट डेहरी ऑन सोन पहुंचे और अपनी मां की पहचान की।

आवश्यक सत्यापन एवं फोटोग्राफी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरपीएफ ने शांति देवी को उनके पुत्र नीरज कुमार गुप्ता के सुपुर्द कर दिया। महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

किसानों और गोआश्रय स्थलों के बीच होगा सीधा अनुबंध, चारे के बदले मिलेगी जैविक खाद

समाज जागरण

लखनऊ, 16 नवंबर : योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण को किसानों की आय, जैविक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए चारा के बदले खाद का अभिनव मॉडल शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत गोशालाएं भूसा-चारा सप्लायर के बजाय अपनी ग्राम पंचायत के किसानों से सीधे चारा खरीद सकेंगी। किसानों और गोआश्रय स्थलों के बीच सीधा वार्षिक अनुबंध होगा, जिसके तहत हरे-सूखे चारे और भूसे के बदले किसानों को जैविक खाद और गोबर व गोमूत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। चारे के रूप में उपयोग योग्य फसल अवशेषों और पराली का गोशालाओं में इस्तेमाल होने से इन्हें जलाने की जरूरत नहीं रहेगी और प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। सीएम योगी के विजन के अनुरूप इस पहल से गोआश्रय स्थलों में वर्ष भर चारे की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होने के साथ स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और गोसंरक्षण की व्यवस्था आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बनेगी।

गो संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल

योगी सरकार का प्रयास है कि गोवंश संरक्षण की व्यवस्था को दीर्घकालिक और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाया जाए। इसी सोच के तहत गोआश्रय स्थलों को केवल निराश्रित गोवंश के संरक्षण का केंद्र न बनाकर जैविक खाद उत्पादन और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने वाली इकाई के रूप में भी विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। चारे के बदले खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था से गोवंश संरक्षण में किसानों की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद तैयार करने में किया जा सकेगा।

16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को मिला संरक्षण

योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए व्यापक व्यवस्था विकसित की गई है। प्रदेश में 7,700 से अधिक गोआश्रय स्थलों के माध्यम से 16 लाख से ज्यादा निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया गया है। योगी सरकार अब इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के साथ इसके संचालन को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दे रही है। 'चारा के बदले खाद' मॉडल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

गो संरक्षण को टिकाऊ व्यवस्था का स्वरूप देने पर जोर

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य गोवंश के संरक्षण के साथ ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना है, जिनसे यह अभियान निरंतर और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में गो संरक्षण की व्यवस्था अब व्यापक स्वरूप ले रही है। नई पहल के माध्यम से गोआश्रय स्थलों, किसानों और प्राकृतिक खेती को एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। चारे के बदले जैविक खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था से गो संरक्षण को जनभागीदारी और कृषि उपयोगिता के साथ जोड़ने में मदद मिलेगी।

किसानों और गोआश्रय स्थलों के बीच होगा सीधा अनुबंध, चारे के बदले मिलेगी जैविक खाद

गोशालाएं अब सप्लायर के बजाय अपनी ग्राम पंचायत के किसानों से सीधे खरीद सकेंगी चारा

फसलों के अवशेष और पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और प्रदूषण से मिलेगी निजात

निराश्रित गोवंश के संरक्षण को स्थायी आधार देगी योगी सरकार, किसानों को भी होगा आर्थिक लाभ

गोबर-गोमूत्र से उच्च गुणवत्ता वाली खाद बनाने और प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक उपयोग का मिलेगा प्रशिक्षण

समाज जागरण

लखनऊ, 16 नवंबर : योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण को किसानों की आय, जैविक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए चारा के बदले खाद का अभिनव मॉडल शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत गोशालाएं भूसा-चारा सप्लायर के बजाय अपनी ग्राम पंचायत के किसानों से सीधे चारा खरीद सकेंगी। किसानों और गोआश्रय स्थलों के बीच सीधा वार्षिक अनुबंध होगा, जिसके तहत हरे-सूखे चारे और भूसे के बदले किसानों को जैविक खाद और गोबर व गोमूत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। चारे के रूप में उपयोग योग्य फसल अवशेषों और पराली का गोशालाओं में इस्तेमाल होने से इन्हें जलाने की जरूरत नहीं रहेगी और प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। सीएम योगी के विजन के अनुरूप इस पहल से गोआश्रय स्थलों में वर्ष भर चारे की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होने के साथ स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और गोसंरक्षण की व्यवस्था आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बनेगी।

गो संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल

योगी सरकार का प्रयास है कि गोवंश संरक्षण की व्यवस्था को दीर्घकालिक और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाया जाए। इसी सोच के तहत गोआश्रय स्थलों को केवल निराश्रित गोवंश के संरक्षण का केंद्र न बनाकर जैविक खाद उत्पादन और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने वाली इकाई के रूप में भी विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। चारे के बदले खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था से गोवंश संरक्षण में किसानों की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद तैयार करने में किया जा सकेगा।

16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को मिला संरक्षण

योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए व्यापक व्यवस्था विकसित की गई है। प्रदेश में 7,700 से अधिक गोआश्रय स्थलों के माध्यम से 16 लाख से ज्यादा निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया गया है। योगी सरकार अब इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के साथ इसके संचालन को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दे रही है। 'चारा के बदले खाद' मॉडल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

गो संरक्षण को टिकाऊ व्यवस्था का स्वरूप देने पर जोर

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य गोवंश के संरक्षण के साथ ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना है, जिनसे यह अभियान निरंतर और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में गो संरक्षण की व्यवस्था अब व्यापक स्वरूप ले रही है। नई पहल के माध्यम से गोआश्रय स्थलों, किसानों और प्राकृतिक खेती को एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। चारे के बदले जैविक खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था से गो संरक्षण को जनभागीदारी और कृषि उपयोगिता के साथ जोड़ने में मदद मिलेगी।

तकनीकी अड़चनें भी नहीं रोक पाई रफ्तार, योगी सरकार ने दीपावली से पहले 3 लाख कर्मियों के खातों में पहुंचाया मानदेय

लखनऊ, 16 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पहले प्रदेश के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान करने के निर्देश दिये थे ताकि सभी त्योहार को धूमधाम से मना सकें। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), उत्तर प्रदेश ने एसएनए-स्पर्श पोर्टल पर कई तकनीकी समस्या होने के बाद भी 3 लाख कर्मचारियों को समय से 441.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया। पोर्टल पर कई तकनीकी और प्रक्रियागत चुनौतियों के बावजूद मिशन निदेशक की सतत मॉनीटरिंग और अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वय से बेहद कम समय में भुगतान समय से हो सका। इसके लिये अवकाश के दिनों में भी ऑफिस को खोला गया।

सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक वीसी के माध्यम से समस्या का समाधान किया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महानिदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पहले विभाग के कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान करने के निर्देश दिये। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने भुगतान प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए। उन्होंने स्वयं इसकी निगरानी की और भुगतान में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखा। उन्होंने बताया कि तीन लाख लोगों के खातों में समय से धनराशि पहुंचाना आसान नहीं था। भुगतान प्रक्रिया के दौरान कई तरह की तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याएं सामने आईं। कहीं डेटा संबंधी कमियां थीं तो कहीं पोर्टल और आधार लिंकिंग से जुड़ी दिक्कतों के कारण भुगतान प्रभावित होने की आशंका थी। इन चुनौतियों के बावजूद भुगतान को प्राथमिकता देते हुए हर स्तर पर समाधान के प्रयास किए। उन्होंने सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों में भुगतान की स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही एक-एक समस्या का निस्तारण कराया गया। संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों को तत्काल ठीक करने और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

भारत सरकार से समस्या निस्तारण के लिए अनुरोध किया गया

मिशन महानिदेशक ने बताया कि भुगतान समय से सुनिश्चित करने के लिए अवकाश के दिन भी कार्यालय खुलवाया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन भी काम करते हुए भुगतान से जुड़े डेटा का एक-एक कर विश्लेषण और सत्यापन किया। जिन रिकॉर्ड में कमियां थीं, उन्हें दुरुस्त कराने के प्रयास किए गए, ताकि पात्र कार्मिकों एवं लाभार्थियों के खातों में सही धनराशि पहुंचे। इस दौरान जल्दबाजी के बजाय डेटा की शुद्धता और भुगतान की पारदर्शिता पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

मसौढ़ी के नदौल स्टेशन के पीछे मिला युवक का शव

परिजनों ने जताई बीमारी से मौत की आशंका

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ पटना-गया रेलखंड पर स्थित नदौल रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पीछे सोमवार को एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह-सुबह स्टेशन परिसर में शव मिलने की खबर मिलते ही यात्रियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस आकस्मिक मौत के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत घिरा बिगहा गांव निवासी सुदामा चौहान के 30 वर्षीय पुत्र मधुसूदन कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मधुसूदन ट्रेनों में घूम-घूम कर पानी और लस्सी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, मधुसूदन पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहा था। सोमवार को वह नदौल स्टेशन के पास टिकट काउंटर के समीप अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। काफी देर तक जब उसके शरीर में किसी भी प्रकार की हलचल नहीं हुई, तब स्थानीय लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा जाँच किए जाने पर यह स्पष्ट हुआ कि युवक की मौत हो चुकी है। परिजनों ने भी उसकी पहले से चली आ रही बीमारी के कारण ही दम तोड़ने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि मौत की असली वजह का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस फिलहाल मामले की आगे की छानबीन में जुटी हुई है।

डालमियानगर में सड़क हादसा, मोटरसाइकिल दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत

हादसे में धनजी कुमार उर्फ गोलू सिंह ने गंवाई जान, गांव में पसरा मातम

समाज जागरण पारसनाथ दुबे। डेहरी रोहतास।

संवाददाता, पारस नाथ दुबे। डेहरी, रोहतास। डालमियानगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मथुरी गांव निवासी धनजी कुमार उर्फ गोलू सिंह (18 वर्ष), पिता सुरेन्द्र मेहता के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

प्रदेश के 24,141 अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय के लिए 41 करोड़ से अधिक आवंटित

समाज जागरण

लखनऊ, 16 नवम्बर। योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ शिक्षण कार्य में योगदान दे रहे अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय भुगतान को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के नवंबर माह के मानदेय के लिए ड्ड41 करोड़ 3 लाख 97 हजार की धनराशि का आवंटन किया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यरत कुल 24,141 अंशकालिक अनुदेशकों को मानदेय भुगतान किया जाएगा।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा मोनिका रानी की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। आवंटित धनराशि का उपयोग निर्धारित वित्तीय नियमों एवं शर्तों के अनुसार करते हुए संबंधित अनुदेशकों को मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

तीन श्रेणियों के 24,141 अनुदेशकों को मिलेगा मानदेय

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें कला शिक्षा के 8,414, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के 9,574 तथा कार्यानुभव शिक्षा के 6,153 अनुदेशक शामिल हैं। इस प्रकार तीनों श्रेणियों में कुल 24,141 अनुदेशकों के नवंबर माह के मानदेय के लिए बजट निर्धारित किया गया है।